शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 32, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 27 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# विकसित भारत की गारंटी है मेरा संकल्प: मोदी

## पीएम मोदी ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल की शुरूआत जून से होगी

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं के सपने को अपने संकल्प से जोड़ते हुए उसे विकसित भारत की गारंटी करार दिया और कहा कि इसके तरीके को तय करने का अधिकार युवाओं को है। लोकसभा चुनाव में जीत के प्रति आत्मविश्वास से भरे पीएम मोदी ने फिर कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल की शुरूआत जून से होगी।

**हम बड़े सपने देखते हैं: पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए 41 हजार करोड़ रुपये से रेलवे में चल रही दो हजार से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इन्हें भारत के बुनियादी ढांचे में बड़े बदलाव का वाहक बताया। कहा कि हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें साकार करने के लिए अथक परिश्रम करते हैं, जो पिछले दस वर्षों में रेलवे में दिखाई भी दे रहा है। रेल यात्रा आसान हो रही है। कृषि और औद्योगिक प्रगति को मजबूती मिल रही है। स्टेशनों पर हवाई अड्डों जैसी सुविधाएं मिल रही हैं।

**पीएम मोदी ने युवाओं को बताया विकसित भारत का लाभार्थी**

उन्होंने युवाओं को विकसित भारत का वास्तविक लाभार्थी बताया। विकास का श्रेय दिया। कहा कि इन परियोजनाओं से रोजगार के लाखों मौके पैदा होंगे। युवाओं को ही तय करने का अधिकार है कि विकसित भारत कैसे आगे बढ़ेगा। मोदी ने कहा कि तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं। जब हम लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे तो सोचा जा सकता है कि ताकत कितनी बढ़ जाएगी।

**प्रधानमंत्री ने रेलवे में निवेश को बताया लाभकारी**

पीएम ने बुनियादी ढांचे पर खर्च से रोजगार में वृद्धि और हजारों नई नौकरियों की गारंटी देते हुए 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' कार्यक्रम का जिक्र किया और उसे स्टेशनों के स्टालों के जरिए किसानों, कारीगरों और विश्वकर्मा मित्रों के उत्पादों को प्रोत्साहित करने वाला बताया। अगले पांच वर्षों का रास्ता दिखाते हुए उन्होंने रेलवे में निवेश को लाभकारी बताया।



## स्टेशनों पर यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

533 रेलवे स्टेशनों को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से चुना गया है। स्टेशनों का 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। स्टेशनों पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें छत, प्लाजा, सुंदर भूदृश्य, इंटर मॉडल कनेक्टिविटी, बेहतर आधुनिक फेकेड, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट आदि शामिल हैं। इन्हें पर्यावरण और दिव्यांगों के अनुकूल विकसित किया जाएगा। स्टेशन भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा।

## 'निर्माण की गति से मिलती है देश की प्रगति की झलक'

**पीएम ने उदाहरण** से समझाया कि बैंकों में जमा धन पर जैसे ब्याज मिलता है, उसी तरह बुनियादी ढांचे पर खर्च किया गया हर पैसा आय और रोजगार के नए स्त्रोत बनाता है। रेल लाइनों के निर्माण से रोजगार के मौके पैदा होंगे। स्टील, सीमेंट और ट्रांसपोर्ट जैसे उद्योगों और दुकानों में भी नौकरियों बढ़ेंगी।

**निर्माण की गति से मिलती है देश की प्रगति की झलक**

पीएम ने कुछ महीने पहले अमृत भारत स्टेशन परियोजना की शुरूआत को याद करते हुए कहा कि निर्माण की गति से देश की प्रगति की झलक मिलती है। जो पहले असंभव लगती थीं, वह दस वर्षों में सच हो गईं। पीएम ने इसके लिए वंदे भारत, अमृत भारत एवं नमो भारत जैसी सेमी हाई-स्पीड ट्रेनों, रेल लाइनों के विद्युतीकरण और साफ-सफाई का उदाहरण दिया। पहले की स्थिति से तुलना करते हुए कहा कि कैसे मानवरहित फाटक अब आम बात है।




## अमृत भारत स्टेशन विकास और विरासत के प्रतीक: मोदी



रेलवे के बदलावों पर उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के पांचवें स्थान पर पहुंचते ही रेलवे बजट में दस वर्ष पहले के 45 हजार करोड़ की तुलना में ढाई लाख करोड़ की भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने रेलवे को सिर्फ यात्री सुविधा का माध्यम भर नहीं, बल्कि कृषि और औद्योगिक प्रगति का सबसे बड़ा वाहक बताया। कहा कि तेज ट्रेन से परिवहन में समय की बचत के साथ उद्योग की लागत भी कम होगी। इसीलिए मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल में घोटाला नहीं होने के कारण पैसे की बचत का श्रेय स्वयं को दिया और कहा कि इस पैसे का उपयोग नई लाइनें बिछाने की गति को दोगुना करने, जम्मू-कश्मीर से पूर्वोत्तर तक नए क्षेत्रों में रेल ले जाने और ढाई हजार किमी के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर काम करने में किया जा रहा है।

**अमृत भारत स्टेशन विकास और विरासत के प्रतीक**

प्रधानमंत्री ने रेलवे से जुड़ी दो हजार से अधिक योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया और अमृत भारत स्टेशनों को विकास और विरासत का प्रतीक बताते हुए कहा कि बालेश्वर स्टेशन को जगन्नाथ मंदिर की थीम पर डिजाइन किया गया है। सिक्किम के रंगपुर में स्थानीय वास्तुकला की छाप होगी। राजस्थान में सांगनेर स्टेशन 16वीं शताब्दी की हैंड-ब्लाक प्रिंटिंग एवं तमिलनाडु में कुंभकोणम स्टेशन चोल प्रभाव को प्रदर्शित करेगा।

## अब बूढ़े हो गए यूपी के लड़के: केशव मौर्य

**लखनऊ**

यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होना यह भाजपा का वैचारिक मुद्दा रहा है। देश के करोड़ों लोग ऐसे रहे हैं जो इस आंदोलन से जुड़े हैं। यह भावनाओं का मुद्दा है चुनावों का मुद्दा नहीं है। यदि चुनावों में इसके फायदे की बात करें तो इसका लाभ उनको नहीं होगा जिन्होंने राम को काल्पनिक बताया था या जिन्होंने कार सेवकों पर गोली चलाई थी।

**साधा राहुल अखिलेश पर निशाना**

डिप्टी सीएम ने कहा कि 2017 में यूपी के इन लड़कों की जोड़ी यूपी देख चुकी है। अब यूपी के ये लड़के बूढ़े हो चुके हैं। जब ये 2017 में हमें नहीं रोक पाए तो अभी इस प्रचंड लहर में हमें नहीं रोक पाएंगे। हम यूपी की सभी 80 की 80 सीटें जीतने जा रहे हैं।

**सपा-बसपा-कांग्रेस मिल भी जाएं तो फर्क नहीं**

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बसपा को लेकर हमारे पास रणनीति है। इसका हम मंच पर खुलासा नहीं कर सकते। लेकिन यह तय है कि यदि सपा, बसपा और कांग्रेस तीनों मिल भी जाएं तब भी बीजेपी सभी 80 सीटें जीतने जा रही है।

**पेपर लीक पर कड़े कानून**

पेपर लीक पर सरकार ने कड़े कदम उठाए और छह माह में फिर से भर्ती कराने का आदेश जारी किया है। हम कड़े कानून बनाने का काम कर रहे हैं।

## पाकिस्तान दुश्मनी के लायक नहीं: निंभोरकर

**लखनऊ**

एक कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) राजेंद्र रामराव निंभोरकर ने अग्निवीर योजना की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह एक अग्निवीर योजना अच्छी है। इससे लोगों में अनुशासन आएगा और लोग सेना को जानेंगे। जो निकम्मा होगा उसे ही काम नहीं मिलेगा, बाकी सभी को काम मिल जाएगा। अग्निवीर से रिटयर होने के बाद बीस-पच्चीस लाख मिल जाएंगे। फिर उसे अनुभव के आधार पर काम मिल जाएगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि सिर्फ 25 प्रतिशत सैनिकों को चार साल के बाद रोकना यह कम सही है। इसे बढ़ाना चाहिए।

**अनुच्छेद 370 हटाना ही चाहिए था:** लेफ्टिनेंट जनरल निंभोरकर ने कहा कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना सही फैसला था। इससे आतंकवाद में कमी आएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि कश्मीर की समस्या हल करनी है तो 370 हटाना ही चाहिए था।

## सुप्रीम कोर्ट ने तटरक्षक बल में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन न देने पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने तटरक्षक बल में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन न देने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की कार्यक्षमता और ढांचागत परिवर्तन की दलील देना उचित नहीं है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने तटरक्षक सेना को निर्देश दिया कि वो सेवानिवृत हो चुकीं तटरक्षक बल की अधिकारी को स्थायी कमीशन देने के लिए फिर से सेलेक्शन बोर्ड गठित करने पर विचार करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महिलाओं को आज के समय में भी इस तरह उपेक्षित नहीं छोड़ा जा सकता। मामले में केंद्र सरकार की ओर से पेश अटार्नी जनरल आर



वेंकटरमणी ने कहा कि तटरक्षक की नौकरी नेवी और आर्मी से अलग है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर बोर्ड का गठन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कि इनको स्थाई कमीशन देने के लिए ढांचागत बदलाव की जरूरत होगी। हालांकि अटार्नी जनरल ने कोर्ट को बताया कि इस बारे में सरकार विचार कर रही है। भारतीय तटरक्षक बल इस बारे में जल्द ही हलफनामा दाखिल करेगा। चीफ जस्टिस ने अटार्नी जनरल के सामने यह भी स्पष्ट किया कि अगर आप स्थायी कमीशन का प्रावधान नहीं करते तो फिर कोर्ट को ही इसके लिए आदेश जारी करना होगा।

## पूरे देश को नई दिशा दिखा रहा दिल्ली मॉडल: सीएम अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान सोमवार को एलजी के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि आज दिल्ली मॉडल पूरे देश को नई दिशा दिखा रहा है। ह्यआपह्न की सरकार दिल्ली के अंदर जो काम कर रही है, वो 75 साल के अंदर नहीं हुआ। दिल्ली मॉडल के तहत हमने शानदार स्कूल-अस्पताल बनाए, बिजली-पानी ठीक किया और गली-गली में मोहल्ला क्लीनिक बनवाए। इस मॉडल के



तहत पूरे देश का विकास हो सकता है। दिल्ली और पंजाब को छोड़ दे तो आज देश भर में सरकारी स्कूल-अस्पताल बंद हो रहे हैं। एक तरह से शिक्षा और स्वास्थ्य सेक्टर निजीकरण की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तरह पूरे देश में अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली की व्यवस्था की जा सकती है और इस पर बहुत ज्यादा खर्चा भी नहीं आएगा। हमारी कैलकुलेशन के अनुसार, मात्र 11.5 लाख करोड़ रुपये खर्च कर दें तो देश के हर बच्चे को अच्छी शिक्षा, सबको अच्छा इलाज और 24 घंटे व 200 यूनिट फ्री बिजली मिल जाएगी। लेकिन इन्होंने 11 लाख देकर अपने दोस्तों के लोन माफ कर दिए। केंद्र सरकार को बताना चाहिए कि दोस्ती निभाना जरूरी था या देश के लोगों के प्रति अपना फर्ज निभाना जरूरी था। आगे मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना पर कहा कि आयुष्मान भारत योजना सबसे बड़ा घोटाला है। आयुष्मान भारत में लाभार्थियों को एक हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड दिया जाता है। वो कार्ड लेकर आप किसी भी अस्पताल में चले जाओ। इसके तहत आपके परिवार का साल में पांच लाख रुपये का इजाल मुफ्त होगा।

## सेना प्रमुख ने पुणे में महाराष्ट्र एमएसएमई डिफेंस एक्सपो-2024 का दौरा किया



**नई दिल्ली**

**थल सेनाध्यक्ष** जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को पुणे के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी कन्वेंशन सेंटर में महाराष्ट्र एमएसएमई रक्षा एक्सपो-2024 का दौरा किया। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास, निर्यात और एफडीआई आकर्षण में प्रमुख योगदान देने वाले राज्यों में महाराष्ट्र का उल्लेख किया जाना चाहिए। रक्षा क्षेत्र में निजी निवेश की अनुमति के बाद रक्षा विनिर्माण नीति तैयार करने वाला महाराष्ट्र भारत का पहला राज्य था। महाराष्ट्र सरकार की ओर से आयोजित एमएसएमई एक्सपो महाराष्ट्र में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, निजी कंपनियों, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशालाओं और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र इकाई (डीपीएसयू) की स्वदेशी क्षमताओं और नवाचारों को प्रदर्शित किया गया है। जनरल मनोज पांडे ने कहा कि महाराष्ट्र ने 'प्रोत्साहन की पैकेज योजना' में एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण को भी एक महत्वपूर्ण क्षेत्र घोषित किया है। इन प्रयासों की वजह से ही महाराष्ट्र देश के विमानों, जहाजों और नावों के उत्पादन में 20% से अधिक और हथियारों और गोला-बारूद के राष्ट्रीय उत्पादन में 30% से अधिक का योगदान दे रहा है। ये आंकड़े रक्षा औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक रणनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। जनरल मनोज पांडे ने भारत के आर्थिक विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में उपभोक्ता समृद्धि में सुधार, बेहतर जीवन स्तर, उच्च साक्षरता और नागरिकों की बढ़ती आकांक्षाएं देखी जा रही हैं। उन्होंने नीतिगत सुधारों, कौशल पहल, बुनियादी ढांचे के निवेश, डिजिटल क्षमता, फ्रंटलाइन उद्यमिता में सरकारी एजेंसियों और सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि यह सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता और एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला हितधारक होने के वादे का प्रतीक है।

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक के बोर्ड से विजय शेखर शर्मा का इस्तीफा

**बेंगलुरु**

देश की डिजिटल पेमेंट्स कंपनी पेटीएम ने मंगलवार को कहा कि विजय शेखर शर्मा ने इसकी पेमेंट्स बैंक यूनिट से बतौर नॉन-एग्जिक्यूटिव चेयरमैन और बोर्ड मेंबर इस्तीफा दे दिया है। कंपनी रिजर्व बैंक की पाबंदियों के बाद अपने बोर्ड में फेरबदल कर रही है। अब सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व चेयरमैन श्रीनिवासन श्रीधर बोर्ड के मेंबर होंगे। साथ ही रिटायर्ड कअर देबेंद्रनाथ सारंगी, बैंक ऑफ बड़ौदा के पूर्व एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अशोक कुमार गर्ग और रिटायर्ड कअर रजनी सेखरी सिब्बल को भी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के बोर्ड में जगह मिलेगी। दरअसल, पेटीएम पेमेंट बैंक पर रिजर्व बैंक के एक्शन के बाद बोर्ड में कई बदलाव हुए हैं। पेटीएम ने प्रेस रिलीज कर बताया कि फाउंडर विजय शेखर शर्मा ने पेटीएम पेमेंट बैंक के पार्ट टाइम नॉन-एग्जीक्यूटिव चेयरमैन के पद से हटने का फैसला किया है। उन्होंने बोर्ड सदस्य की पोजिशन भी छोड़ दी है। पेटीएम ने कहा कि हम अपने कारोबार को आरबीआई के नियमों के तहत आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें नए बोर्ड सदस्यों का मार्गदर्शन अहम भूमिका महत्वपूर्ण होगी। पेटीएम पेमेंट्स बैंक के सीईओ सुरिंदर चावला ने कहा कि हम बोर्ड में बदलाव के साथ नियमों के अनुपालन के प्रति अपने समर्पण को मजबूत करना चाहते हैं।




## सिंघु सीमा की दोनों सर्विस लेन खोलीं

**नई दिल्ली**

किसानों के दिल्ली कूच करने के एलान के बाद 14 दिन पहले बंद किए गए सीमाओं को धीरे-धीरे खोलने का काम दिल्ली पुलिस ने शुरू कर दिया गया है। सोमवार को सिंघु सीमा की दोनों सर्विस लेन को पूरी तरह से खोल दिया गया है। मुख्य सड़क मार्ग यानी फ्लाई ओवर पर दोनों तरफ की सड़कों को अभी नहीं खोला जाएगा। मजबूत बैरिकेडिंग के साथ-साथ पुलिसकर्मियों की तैनाती पहले की तरह ही रहेगी। दोनों सर्विस लेन खोलने से वहां आसपास रहने वाले लोगों व हरियाणा की सीमा में पड़ने वाले कुंडली औद्योगिक क्षेत्र के व्यापारियों को बड़ी राहत मिली। सीमाओं पर पुलिसकर्मियों व अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती पहले की तरह ही रहेगी। किसानों के अलग-अलग संगठन अभी भी दिल्ली कूच करने का एलान कर ही रहे हैं जिसे देखते ही सीमाओं पर हर तरह की तैयारी पहले की तरह ही रहेगी ताकि किसानों के दिल्ली की तरफ आने की जानकारी मिलते ही सीमाओं को तुरंत बंद किया जा सके।

## श्रम विभाग में बिना रजिस्ट्रेशन चल रही पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लगा लाशों का ढेर

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद मुख्यमंत्री ने टीम गठित कर 3 दिन में जांच पूरी कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है । पटाखा फैक्ट्री पर पहले ही कार्यवाही कर दी जाती तो पटाखा फैक्ट्री में शायद विस्फोट नहीं होता

**कौशाम्बी ।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में रविवार को पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद चौकाने वाले मामले उजागर हो रहे हैं जिस पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लाशों के ढेर लग गए हैं उस पटाखा फैक्ट्री का श्रम विभाग से रजिस्ट्रेशन ही नहीं था जबकि फैक्ट्री में तीन दर्जन से अधिक मजदूर काम कर रहे थे विस्फोट के बाद बड़ी जनहानि हुई है इंडस्ट्रियल विभाग से भी पटाखा फैक्ट्री का रजिस्ट्रेशन नहीं था लेकिन फिर भी कई वर्षों से पटाखा फैक्ट्री बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही थी आखिर बिना रजिस्ट्रेशन के चलने वाली पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद किस-किस की जवाब देही तय होगी समय रहते विभागीय अधिकारियों ने पटाखा फैक्ट्री की जांच कर उसे नियम कानून का पाठ पढ़ाया होता तो शायद पटाखा फैक्ट्री का संचालन बंद हो जाता और विस्फोट की इतनी बड़ी घटना होने से बच जाती लेकिन श्रम विभाग के अधिकारियों ने पटाखा फैक्ट्री की जांच कर उसे बंद करने का प्रयास नहीं किया और बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद अपने को बचाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे विभागीय अधिकारियों ने अपनाना शुरू कर दिया है बिना श्रमिक रजिस्ट्रेशन के चल रही पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद श्रम विभाग के पास श्रमिको का कोई रिकार्ड नहीं है पटाखा फैक्ट्री में कितने मजदूर काम कर रहे थे विभाग के अधिकारी जवाब देने को तैयार नहीं है फैक्ट्री एक्ट के तहत भी फैक्ट्री संचालक ने कोई रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है। सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम नहीं थे जिसका खामियाजा श्रमिकों को अपनी जान देकर कीमत चुकानी पड़ी है घटना को 36 घंटे बीत जाने के बाद श्रम विभाग के पास पटाखा फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों का भी कोई रिकार्ड नहीं है

बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के पहले श्रम विभाग ने कंपनसेशन एक्ट के तहत कार्रवाई नही किया है कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लाशों के ढेर लग जाने के बाद सरकारी व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं आखिर फैक्ट्री नियम विरुद्ध तरीके से कैसे चल रही थी प्रशासनिक अधिकारियों ने नियम विरुद्ध चलने वाली पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के पहले क्यों करवाई नहीं की है सूबे के मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया तो कई अधिकारियों की लापरवाही उजागर होना तय है पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद मुख्यमंत्री ने टीम गठित कर 3 दिन में जांच पूरी कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा में आता है निखार : बाबूलाल

## रंगारंग कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ एसबीएसएन स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह पांच लाख का मिला अनुदान राशि

अखंड भारत संदेश





**मेजा / सिरसा / मेजा रोड।** क्षेत्र के खानपुर में एसबीएसएन स्कूल में अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य एवं भाजपा नेता हरे कृष्ण शुक्ला की अध्यक्षता में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डा बाबूलाल तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि बनारस युनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति गिरीश चंद्र त्रिपाठी व यूपी सरकार के मंत्री राजेन्द्र प्रसाद पाल रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात आए हुए अतिथियों का स्कूल प्रबंधक विजय तिवारी तथा प्रधानाचार्य एवं वित्तविहीन शिक्षकों के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी द्वारा सामूहिक रूप से माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इस दौरान स्कूल की होनहार तथा प्रतिभाशाली छात्रा अनुष्का शुक्ला द्वारा प्रस्तुत शिवतांडव नृत्य पर जहां उपस्थित लोग खुशी से झूम उठे वहीं स्कूल के छात्र - छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति ने कार्यक्रम में जमकर जलवा बिखेरा जिसकी उपस्थित लोगों ने खूब तारीफ किया। गौरतलब है कि समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी ने कहा कि इस विद्यालय के बच्चे बहुत ही होनहार और प्रतिभाशाली हैं। ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से उनकी दबी हुई प्रतिभा में निखार आता है। उन्होंने आगे कहा कि बच्चे देश के कर्णधार हैं निश्चित तौर पर एक दिन अपनी प्रतिभा के दम पर नई ऊंचाइयों तक जाएंगे। झांसी शिक्षक क्षेत्र के विधायक ने विद्यालय में भवन निर्माण हेतु पांच लाख रूपया बतौर अनुदान देते हुए कार्यक्रम में आमंत्रित होने के लिए विद्यालय प्रबंध तंत्र का आभार जताया। इसी क्रम में बनारस यूनि वर्सिटी के पूर्व कुलपति गिरीशचंद्र त्रिपाठी ने जहां अपने वक्तव्य दिए वहीं यूपी सरकार के मंत्री राजेन्द्र प्रसाद पाल ने कहा कि विद्यालय गुरु से होता है। उन्होंने कहा जो अंधकार से निकालकर प्रकाश की ओर ले जाए उसी को गुरु कहा जाता है। इतना ही नहीं मंत्री ने यह भी कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु के अंतिम क्षण तक जो मनुष्य को अच्छा ज्ञान सीखा पाता है उसे ही गुरु की उपाधि दी जाती है। समारोह के अंत में भाजपा नेता एवं एवं अंतरराष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य प हरे कृष्ण शुक्ला ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर विवेक श्रीवास्तव अनिल मिश्रा विनय शुक्ला राकेश मिश्रा मेजा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर एवं भाजपा सिरसा मंडल के अध्यक्ष डॉ अमरेश तिवारी रामशिरोमणि तिवारी विश्वनाथ प्रताप परविंदर सिंह तथा राजेश द्विवेदी के अलावा बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामीण व स्कूल के छात्र छात्राएं प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरे कृष्ण शुक्ल तथा संचालन इंजीनियर अब्दुल रहमान ने किया।

## वाहन दुर्घटना में घायल युवक का उपचार के दौरान मौत

**मऊआइमा।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार को नाजुक हालत में रविवार को भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान मौत हो जाने पर शव चीर घर भेजा गया है। प्रतापगढ़ के थाना मान्धाता के गौरा निवासी आशीष कुमार 22 वर्ष पुत्र राम फेर बाइक से प्रयागराज की ओर जा रहा। बताया गया है कि रविवार को थाना पडाव चौराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से वह नाजुक हो गया।जिसे मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा रिफर कर दिया गया था। जहां उसका उपचार जार्जटाउन प्राइवेट अस्पताल में चल रहा हो था।बीती रात लगभग एक बजे घायल आशीष कुमार की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मऊआइमा पुलिस ने शव का पंचायमा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मऊआइमा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## प्रधान संघ जसरा ने खंड विकास अधिकारी जसरा अनीश अहमद को बारह सूत्रीय मांग का ज्ञापन सौंपा



**जसरा।** प्रधान संघ जसरा ने खंड विकास अधिकारी जसरा अनीश अहमद को बारह सूत्रीय मांग का ज्ञापन सौंपा। प्रधान संघ अध्यक्ष दारा सिंह पटेल ने कहा कि जिले भर के सभी विकास खंडों में प्रधानों द्वारा ज्ञापन दिया गया है। प्रधान संघ जसरा के अध्यक्ष दारा सिंह पटेल समस्त ग्राम प्रधान के साथ सोमवार को ब्लाक मुख्यालय पर इकट्ठा होकर बीडीओ जसरा अनीश अहमद को बारह सूत्रीय ज्ञापन दिया। श्री सिंह ने कहा कि मनरेगा कुशल श्रमिक का जनपद प्रयागराज में भुगतान बिल अधिकारी के लापरवाही से न होना यह जांच का विषय है। कहा कि प्रयागराज के डी० सी० मनरेगा के पद पर नियुक्ति की जाए जिससे तीव्र गति से कार्य हो सके। कुशल मनरेगा श्रमिकों का भुगतान तत्काल कराया जाय। ग्राम पंचायत के कार्यों में सामग्री का रेट बाजार मूल्य पर क्रय करने का रेट निर्धारित किया जाय। आपके वार्ता के क्रम में नये एसओआर जल्द लागू करने की बात कही गई थी जो अब तक नहीं लागू किया गया है। ग्राम प्रधान के क्लस्टर बदलने के पहले संबंधित ग्राम प्रधानों की राय के उपरांत ही बदले जांय। सहायक सचिव कम डाटा एंट्री ऑपरेटर शौचालय केयरटेकर एवं प्रधान के मानदेय की ब्यवस्था व बिजली के बिल का भुगतान का प्रबंध अलग मद से किया जाय। प्रदेश के जिस जनपद में प्रधान की आकस्मिक मौत हो जा रही है ,उनको सरकार द्वारा दी जाने वाली सहयोग राशि दस लाख रुपए है । इस पर किसी प्रकार का विलंब न किया जाए। ग्राम पंचायत में चकमार्ग, चारागाह व खेलकूद के मैदान पर अतिक्रमण हटाया जाए। क्यों कि तहसील प्रशासन ग्राम पंचायत का कोई भी सहयोग नहीं कर रहा है आदि मांगों को बीडीओ जसरा को सौंपा। बीडीओ जसरा अनीश अहमद ने कहा कि इस ज्ञापन को आज ही जिला विकास अधिकारी प्रयागराज को दे दिया जाएगा। इस अवसर पर हीरामन सिंह, सतीश गुप्ता,विजय बहादुर सिंह पटेल, बृजेश कुमार सोनकर, आशीष सोनकर, अर्जुन कुशवाहा, गंगा कुशवाहा, महादेव प्रसाद कुशवाहा, राजेश साहू, दिनेश निषाद सहित दर्जनों प्रधान मौजूद रहे।

## एक अदद कान का कुण्डल पीली धातु व 04 अदद देशी नाजायज बम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** सोमवार थाना कोतवाली पलिस ने वांछित चल रहे अभियुक्त शिवम वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी रोहित कुमार तिवारी व बहादुरगंज चौकी प्रभारी अमृत जायसवाल के कुशल नेतृत्व में अभियुक्त शिवम् को पकड़ लिया गया। अभियुक्त की तलाश कई दिनों से की जा रही थी। अभियुक्त प्रयागराज के मीरगंज थाना कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला है। अभियुक्त की उम्र लगभग करीब 23 वर्ष की है। धीरे-धीरे अपराध की दुनिया में पैर पसार रहा था अभियुक्त शिवम् को सोमवार को कोतवाली पुलिस ने करीब प्रातःकाल 4:30 बजें मुखबि? की सटीक सूचना पर चंद्रलोक टॉकीज के पास डी रोड से धरदबोचा। तेज तर्रार चौकी प्रभारी अमित जायसवाल ने बताया की अभियुक्त शिवम की तलाश कई दिनों से की जा रही थी आखिरकार सटीक सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बहादुरगंज चौकी प्रभारी ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया उन्होंने कहा की अपराधियों को बक्सा नहीं जाएगा इस तरह के कुकृत्य कार्य करने वाले अपराधियों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# यमुनापार क्षेत्र का भ्रमण के दौरान नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** समाजवादी युवजन सभा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नितेश तिवारी का युवाओं ने पूरे जोश और जुनून के साथ स्वागत कर जिन्दाबाद के नारे लगाए। उल्लेखनीय है कि रविवार को नितेश तिवारी का यमुनापार क्षेत्र का भ्रमण कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने जगह जगह स्वागत एवं अभिनन्दन कर जहां बधाई दिया। वही मेजा के बलुहा में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नितेश तिवारी के स्वागत के लिए सैकड़ों की संख्या में युवाओं द्वारा हाथ में पार्टी का झंडा और माला लेकर जय अखिलेश जय नितेश तथा इंकलाब जिंदाबाद, जैसे नारों से स्वागत किया। इस मौके पर नितेश तिवारी ने कहा कि समाजवादी युवजन सभा के संगठन को धार देना है और नवजवानों का समायोजन कर पूरे यमुनापार में समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ाऊंगा।
पार्टी ने मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी है उसको मै पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा तथा नेतृत्व का पूरा मान सम्मान बढ़ाने का काम करूंगा। इस मौके पर बाबू साहब निषाद, रिशांशु यादव,ओम नारायण विश्व कर्मा, शिवा यादव, धर्मेंद्र यादव, विकास पांडेय, मुकेश कुशवाहा,अली अहमद, अमन कुमार, सत्य प्रकाश सोनकर, अर्पित पटेल, हबीब अहमद एवं नीतीश यादव आदि मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान संगठन ने बीडीओ को डीएम को संबोधित सौंपा ज्ञापन

## बाजार भाव पर सामग्री मूल्य निर्धारित करने व चक मार्गो चरागाहों को खाली कराने की मांग



**कोरांव।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष को राम रामानुज यादव की अगवाई में ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव को जिलाधिकारी प्रयागराज को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन सोपा जापान में ग्राम प्रधानों ने कहा है है की प्रजातांत्रिक देश भारत में संविधान के अनुसार पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत गांव के विकास से संविधान की 11वीं अनुसूची के अनुच्छेद 243 शिक्षा के तहत 29 विभागों के संचालन का अधिकार ग्राम पंचायत को दिया गया है जिसके मुखिया ग्राम प्रधान होते हैं। ग्राम प्रधानों ने कुशल मनरेगा श्रमिको के मजदूरी भुगतान में विलंब पर कार्यवाही करने, प्रयागराज जनपद में डीसी मनरेगा की नियुक्ति कराने, कुशल श्रमिकों का भुगतान तत्काल सुनिश्चित कराए जाने, ग्राम पंचायत के कार्यों में सामग्री का मूल्य बाजार मूल्य पर निर्धारित करने, ग्राम पंचायत सचिव के कलस्टर बदलने से पहले ग्राम प्रधानों की राय लेने, सहायक सचिव कम डाटा एंट्री ऑपरेटर, शौचालय केयरटेकर एवं प्रधान के मानदेय की व्यवस्था व बिजली बिल के भुगतान का प्रबंध अलग मद से कराए जाने, ग्राम पंचायत प्रधानों के आकस्मिक मौत पर शीघ्र सहायता राशि प्राप्त कराने, मनरेगा द्वारा कराए गए पक्के कार्यों के सामग्री का भुगतान शीघ्र कराने जाने, तालाब की लगान पूर्व की भांति ग्राम निधि में देने, ग्राम प्रधानों पर किए गए फर्जी मुकदमों को वापस लेने, उप जिलाधिकारी के साथ प्रधानों की प्रत्येक माह बैठक सुनिश्चित कराने, ग्राम पंचायतों के चकमार्ग व चारागाह तथा अन्य सरकारी जमीनों को खाली कराने जैसी मांगे शामिल हैं। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपने के बाद ग्राम प्रधानों ने चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के भीतर मांग पत्र पर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो ग्राम पंचायतो में विकास कार्यों को बंद करते हुए ग्राम प्रधान जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने के दौरान विकासखंड के दर्जनों गांवो के ग्राम प्रधान मौजूद रहे।



## सामूहिक विवाह में 28 जोड़ो ने साथ निभाने की खाई कसम

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों कार्यालय परिसर में सोमवार को 28 जोड़े नव दंपतियों का एक दूसरे के प्रति साथ निभाने का संकल्प के साथ वचन देते सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरे विधि विधान से एक दूसरे को वरमाला पहनाकर नव दंपति जोड़ों को अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे एवं सात वचन के साथ एक दूसरे का सुख-दुख में जीवन भर साथ निभाने का संकल्प के साथ विवाह अनुष्ठान को संपन्न कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी संजय सिंह, एडीओ पंचायत राजेश कुमार सिंह, वरिष्ठ लिपिक विजय बहादुर, अरुण तिवारी, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू सहित आदि लोग जिम्मेदारी के साथ व्यवस्था में लगे रहे। विवाह सम्पन्न होने के बाद कार्यक्रम की अध्यक्षा ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने नव दंपतियों को उपहार भेंट कर उन्हें प्रसन्नता के साथ वैवाहिक जीवन को जीएं एवं आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार अमरनाथ तिवारी एवं चेयरमैन फूलपुर अमरनाथ यादव ने नव दंपतियों को आशीर्वाद के साथ बधाई दे कर अपनी शुभकामना दिया। इस अवसर पर डीसी एनआरएलएम राजीव कुमार सिंह, बगई खुर्द प्रधान बहादुर सिंह, प्रधान देवनहरी गुलाब त्रिपाठी, भाजपा अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष गोशीष भारतीया, तीरथ राज सिंह, सचिव शशि यादव, राम बहादुर, बाल गोविंद तिवारी आदि लोगों ने वैवाहिक नव दंपतियों के ऊपर पुष्पों की वर्षा करते उपस्थित रहे।

## सामाजिक अधिकारिता शिविर में 243 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग किया गया वितरण



**करछना** प्रयागराज विकास खंड परिसर में सोमवार को आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण शिविर का आयोजन किया गया सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एपिड योजना के अंतर्गत निशुल्क सहायक उपकरण वितरण किया गया एपिड योजना के अंतर्गत कुल 243 लाभार्थियों को नवंबर 2023 में माह में चिन्हित किया गया था इन पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को 492 सहायक उपकरणों का निशुल्क वितरण किया गया विकासखंड परिसर करछना में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी सांसद प्रयागराज व जनप्रतिनिधि एवं अन्य महानुभावों की उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम समारोह का आयोजन सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर द्वारा एवं जिला प्रशासन प्रयागराज के सहयोग से किया गया शिविर में आए दिव्यांगजनों को प्रयागराज के विभिन्न स्थानों से नवंबर 2023 में आयोजित किए गए प्रशिक्षण शिविरों में चिन्हित किया गया था सभी पूर्व चिन्हित लाभार्थियों के एपिड योजना के अंतर्गत विभिन्न श्रेणी के दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण प्रदान किए गए इन सहायक उपकरणों के माध्यम से लाभार्थियों को स्वावलंबी और सशक्त बनाने और उनको समाज के मुख्य धारा में जोड़ने का एक प्रयास था जिसमें 40 ट्राई साइकिल 154 मोटर प्राइस ट्राई साइकिल 42 फोल्डिंग व्हीलचेयर , 195 बैसाखी 41 वाकिंग स्टिक 17 श्रवण यंत्र, कान की मशीन 28 कृत्रिम अंग वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद के अलावा खंड विकास अधिकारी करछना, ब्लाक प्रमुख? प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी सहित ब्लाक कर्मी मौजूद थे,

## बजहा ग्रामप्रधान श्रीमती रेशमा देवी विश्वकर्मा का हुवा सड़क दुर्घटना

**सिरसा** प्रयागराज मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरुवा ग्रामपंचायत श्रीमती रेशमा देवी विश्वकर्मा (प्रधान) उम्र 50 वर्ष लगभग पत्नी रामशिरोमणि विश्वकर्मा ( नानक) निवासी बजहा, सिरसा, मेजा,प्रयागराज के निवासी है। रोजाना के भाती घर से प्रधान श्रीमती रेशम देवी अपने लड़के दिनेश विश्वकर्मा के साथ बाइक से अपने कार्यालय जा रही थी वही पनासा वाया दिघीया मार्ग डोरवा प्रेम चन्द पैट्रोल टंकी के पास एक्सिडेंड हो गया। बाइक नम्बर वढ70इए 4145 से टक्कर हो गयी जिससे बाइक पर बैठी प्रधान रेशमा देवी गिर गयी और सर फट कर खून से लथपथ हो गयी। और बाइक सवार एक्सिडेंड करके मौके से फरार हो गया। घायल प्रधान को आस पास के लोग उन्हें उठाकर एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत गम्भीर देखकर डाक्टर उन्हे जिला प्रयागराज रिफर कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस चौकी सिरसा के सिपाही पहुँचकर घटना की जानकारी लिया। प्रधान बजहा प्रतिनिधि रामशिरोमणि विश्वकर्मा (नानक) ने एक लिखित तहरीर पुलिस चौकी सिरसा पर दिया।

# मोदी सरकार में सीमाओं से लेकर खेत खलिहानों तक देश की महिलाओं की भूमिका अहम : योगेश शुक्ल

## मेजा मंडल के सोरांव गांव में कार्यकताओं संग भाजपा के वरिष्ठ नेता ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात का 110वा एपीसोड



**मेजा।** देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 110वें एपीसोड कार्यक्रम को भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने मेजा मंडल के बूथ संख्या 90 सोराव गांव में पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमंत दुबे के घर पर कार्यकताओं संग सुना। रविवार को 110वें एपीसोड पर चर्चा करते हुए योगेश शुक्ल ने कहा कि मोदी शासन काल में भारत की महिलाएं देश की सीमाओं से लेकर खेत खलिहान तक अहम भूमिका निभा रही हैं अपने मन की बात में प्रधानमंत्री द्वारा अपने संबोधन में विश्व वन्य जीव दिवस का उल्लेख करने पर योगेश शुक्ल ने यमुनापार में महुली और चांद खमहरिया में स्थित काला हिरण अभ्यारण से जोड़ते हुए प्रयागवासियों का आह्वान किया है कि हम सब मोदी जी की बात से प्रेरित होकर इस अभ्यारण के संरक्षण और संवर्धन के लिए संकल्पित हो उन्होंने पहली बार 2024 में मतदान करने वाले युवा मतदाताओं से भी अपील किया है कि विकसित भारत और विकसित यमुनापार के लिए बढ़ चढ़ कर मतदान करें जिससे एक बार पुनः पीएम मोदी के नेतृव वाली सरकार बन सके। इस मौके पर हेमंत दुबे पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा,कमलेश मिश्र, हरी मोहन पांडेय, मनोज दुबे, पवन शुक्ल,हरी कांत पांडेय तथा पिंटू शुक्ल के अलावा सैकड़ों भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता व ग्रामीण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### विकासित भारत संकल्प यात्रा सम्पन्न



**मांडा।** समाज के अंतिम छोर पर खड़े पात्र व्यक्तियों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ मिले इसी उद्देश्य के साथ भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे विकासित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत नगर पंचायत भारतगंज के दो स्थलों वार्ड नंबर 4 मोहल्ला कदम रसूल एवं वार्ड नंबर 9 कटरा दक्षिणी में अध्यक्ष नगर पंचायत प्रतिनिधि आमिर शकील टंकी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसके बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। जहॉ पर राज्य तथा केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं पीएम आवास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना आदि योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया तथा भारत को 2047 तक विकसित भारत राष्ट्र बनाने की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी बन्टी कुमारी, हर्ष जय सिंह जिला कार्यक्रम प्रबन्धक (एसबीएम), अनिल शास्त्री जिला नोडल अधिकारी सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, डॉ0 राज तिलक तिवारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, सभासद कुॅवर नितेश सरोज, शकील मुंशी, लिपिक चन्दन कुमार पटेल, समशाद अहमद, विनोद कुमार, बच्चा लाल सहित नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

### एक अवैध तमंचा व एक करतूत के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



**उतरांव।** उतरांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बलीपुर फ्लाईओवर के पास से दो बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से 12 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद किया। अवैध शस्त्र, वांछित अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहन की तलाश व चेकिंग अभियान के अंतर्गत उतराव थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी को सूचना मिली कि बलीपुर फ्लाईओवर के पास दो संदिग्ध व्यक्ति तमंचा के साथ मौजूद है । वह किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। घेराबंदी कर पुलिस टीम वहां पहुंची तो दोनो व्यक्तियो ने भागने का प्रयास किया लेकिन पकड़े गए। तलाशी में उसके पास से एक अवैध तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने उसे थाने लाकर पूछताछ की । उतराव थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के अनुसार गिरफ्त में आया बदमाश हंडिया थाना क्षेत्र के बजहा मिश्रान गांव का रहने वाले विनय पांडेय पुत्र हृदय नारायण व प्रदीप त्रिपाठी पुत्र आद्या प्रसाद है। गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक अनिकेत सिंह,महेश चंद्र निषाद, रितेश चंद उपाध्याय,सिपाही राजेश यादव,राजीव राजावत, मुकेश यादव आदि ने बहुत ही चालाकी के साथ दोनों बदमाशों को पड़कर जेल की हवा खिला दी।

### नैनी में महापौर का किया गया स्वागत



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में वरिष्ठ भाजपा नेता सेक्टर प्रभारी श्याम मिश्रा ने किया प्रयागराज महापौर गणेश केसरवानी का स्वागत इस अवसर पर पार्षद मयंक यादव जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव प्रदीप तिवारी सेक्टर प्रभारी नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा कार्यकारिणी सदस्य सुनील विश्वकर्मा भाजपा नेता मोहित अग्रहरि भाजपा नेता सुनील कुशवाहा एवं बड़े संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चौकी प्रभारी को फूल-मालाएं पहना कर की गयी विदाई



**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के रामफल इनारी पुलिस चौकी प्रभारी राम बालक सिंह का स्थानांतरण झूंसी पुलिस चौकी होने पर मऊआइमा पुलिस कर्मियों द्वारा फूल-मालाएं पहना कर बिदाई दी गई। बिदाई में इंस्पेक्टर राघवेन्द्र सिंह,सदा शिव, भगवान सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, सूर्य प्रकाश, धर्मेन्द्र कुमार आदि समस्त पुलिस स्टाप मौजूद रहे।

### प्रधानों ने विभिन्न मांगों को लेकर बीडीओ को दिया ज्ञापन



**मऊआइमा।** सोमवार को विकास खंड मऊआइमा में ग्राम प्रधानों संगठन की बैठक की गई । जिसमें ग्राम प्रधानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। उसके बाद उनके खाते से केयर टेकर गौशाला , पंचायत सहायक समेत अन्य चीजों के लिए हो रहे इन्वेस्टमेंट के विरोध , ग्राम प्रधानों पर फर्जी मुकदमा, अकास्मिक मौत दस लाख रुपए, ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जा हटवाने, मनरेगा मजदूरों के भुकतान में लापरवाही समेत अन्य बाहर सूत्रीय मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज शमी, मंडल प्रभारी सरताज आलम, दानिश, अमजद हुसैन,सुभाष, राकेश कुमार पटेल उर्फ गुड्डू, अशोक कुमार विश्वकर्मा उर्फ गुड्डू,चंद्रसेन यादव, लाल बहादुर,समेत अन्य ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

### रामरती पटेल महाविद्यालय में वितरित किया गया स्मार्टफोन



**करछना** प्रयागराज क्षेत्र अंतर्गत सहलोलवा करछना में सोमवार को रामरती पटेल महाविद्यालय में बीए/ बीएससी के कुल 426 छात्र छात्राओं को वितरित किया गया स्मार्ट फोन! उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ के निदेर्शानुसार शिक्षा को बेहतर प्रदान करने हेतु छात्र छात्राओं को डिजिटल शिक्षा हेतु छात्र छात्राओं को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन/टैबलेट वितरण किया गया! स्मार्ट फोन टैबलेट वितरण समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करछना ब्लाक प्रमुख? प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ने कहा कि आने वाला डिजिटल का होगा जिससे छात्रों को शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी कालेज संस्थापक गिरजाशंकर पटेल,ओम प्रकाश पटेल, कालेज संचालक रमाकांत पटेल,नरेश सोनकर सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थित रहे,

### छप्पर में लगी आग गृहस्थी का सामान जलकर राख

**मऊआइमा।** गृहस्थी का सामान रखे छप्पर में आग लगा दी गई।बोलने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने चार नामजद बीस अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम खजुराहो परमानन्दपुर निवासी राम बहादुर पटेल पुत्र ओमप्रकाश का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी एक राय होकर उसके भोजन बनाने के छप्पर में आग लगा दिए। जिससे उसका गृहस्थी का सारा सामान जल कर राख हो गया।बोललने पर हत्या की धमकी दी गई। राम बहादुर पटेल ने मऊआइमा थाने में अरविन्द कुमार पटेल, राजेश कुमार पटेल,चन्दन पटेल,गीता देवी तथा बीस अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मार पीट क्रास मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के भदर पुर दीना पुर में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मार पीट कई को चोटें आयी है। पुलिस ने क्रास मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम भदरपुर दीनापुर निवासनीय सावित्री देवी पत्नी देवी प्रसाद पांडेय का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी उसको उसके परिजनों मारे पीटे तथा जान से मारने की धम दिए। सावित्री देवी ने मऊआइमा थाने में रामजी पांडेय, निर्मला पांडेय,प्रीती पांडेय दो अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।उधर दूसरे पक्ष की प्रीती पांडेय पुत्री रामजी पांडेय का आरोप है कि उसे भी मारा पीटा गया और हत्या की धमकी दी गई। प्रीती की तहरीर पर पुलिस ने लालजी,विनय पांडेय, सावित्री पांडेय तथा दो अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।



# अभ्यर्थियों का कॉलर पकड़कर ले गई पुलिस

## कुछ छात्रों के मोबाइल छीने, फोर्स को धक्का देकर भागे छात्र प्रदर्शनकारी बोले-रद्द हो परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** यूपी लोकसेवा आयोग की आरओ एआरओ भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामला अब तूल पकड़ने लगा है। अभ्यर्थियों का विरोध-प्रदर्शन तेज होता जा रहा है। छात्रों को पुलिस ने यूपी लोक सेवा आयोग दफ्तर जाने से रोक दिया। इससे छात्र भड़क गए।प्रदर्शनकारी छात्र पुलिस को धक्का देकर आयोग जाने लगे। छात्रों को रोकने के लिए पुलिस ने लाठी फटकारी, जिससे सिविल लाइंस इलाके में भगदड़ मच गई। छात्र दुकानों में घूस गए। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कॉलर पकड़ कर बाहर निकाला और खींचते हुए ले गई। पूरा इलाका छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस अधिकारी अभ्यर्थियों से बातचीत कर समझाने की कोशिश भी कर रहे हैं।

वहीं, पुलिस ने 18 छात्रों को हिरासत में लिया है। कुछ के मोबाइल भी पुलिस ने छीन लिए हैं। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि पुलिस भर्ती परीक्षा की तरह आरओ एआरओ परीक्षा को भी रद्द करना चाहिए।प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों का आरोप है कि बीते दिनों लोकसेवा आयोग ने आरओ-एआरओ 2023 की परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। ऐसे में भर्ती परीक्षा को दोबारा कराया जाना चाहिए। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। पिछले 3 दिनों से अभ्यर्थी लोकसेवा आयोग के गेट पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। लेकिन अब यह विरोध प्रदर्शन सिविल लाइन की सड़कों पर पहुंच गया है। यहां पुलिस हावी हो गई। अभ्यर्थियों पर लाठियां फटकारी गईं। कुछ अभ्यर्थी यहां जमीन पर ही बैठकर रोने लगे। कुछ अभ्यर्थियों को गाड़ियों में बैठाकर भेजा गया है।सोमवार को अभ्यर्थी भर्ती परीक्षा को रद्द करने की मांग के लिए सिविल लाइंस में पैदल मार्च करते हुए धरना स्थल पर पहुंच गए। धरना स्थल पर एकत्रित होकर अभ्यर्थी भर्ती परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। प्रोटेस्ट करने वाले छात्रों को अउढ श्वेताब पांडेय काफी समझाने का प्रयास किया,और उन्हें धरना स्थल पर रवाना किया। अभ्यर्थी नारेबाजी कर रहने लगे। पुलिस ने अभ्यर्थियों को हटने के लिए कहा है। लेकिन छात्र सड़कों पर ही मौजूद हैं। यह भी सूचना है कि दोपहर बाद आम आदमी पार्टी के जिला स्तरीय नेता धरना स्थल पर जमा होंगे।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना कार्यशाला का आयोजन संपन्न

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** एमएसएमई विकास कार्यालय प्रयागराज द्वारा संगम सभागार, जिलाधिकारी कार्यालय, प्रयागराज में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पांच जनपद क्रमशः अंबेडकरनगर, कौशांबी, प्रतापगढ़, जौनपुर और प्रयागराज के जिला उद्योग केंद्र, पंचायतीराज विभाग, शहरी स्थानीय निकाय के अधिशाषी अधिकारीगण, प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक, राष्ट्रीय लघु उद्योग बैंक, कौशल एवं उद्यमिता विकास मंत्रालय, सी एस सी एवं अन्य विभागों से आए अधिकारियों नेवप्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति गौरव कुमार, आई ए एस, मुख्य विकास अधिकारी जनपद प्रयागराज एवं सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया ' सर्वप्रथम सभी व्यक्तियों को साल, गमला देकर स्वागत किया गया । एल बी एस यादव, संयुक्त निदेशक, एम एस एम ई विकास कार्यालय ने अपने स्वागत संबोधन में उद्यम एवं उद्यमियों के उन्नयन हेतु एम एस एम ई मंत्रालय द्वारा संचालित सभी योजनाओं को विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के सभी आवश्यक घटकों और प्रक्रिया सहित भारत सरकार के लक्ष्यों से सभी को अवगत कराया। वैभव खरे, सहायक निदेशक, ने एम एस एम ई विकास कार्यालय द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर प्रकाश डाला गया ' श्री जयदीप त्रिपाठी, उपनिदेशक, पंचायतीराज विभाग, प्रयागराज मंडल, ने विभाग द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में कार्यों के बारे में बताया और ऐसे कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया ' कार्यक्रम के मुख्य अथिति श्री गौरव कुमार, आई ए एस, मुख्य विकास अधिकारी जनपद प्रयागराज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सभी का स्वागत करते हुए एमएसएमई विभाग को धन्यवाद देते हुए सभी उद्यमियों को आगे बढ़कर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया ' उन्होंने विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों से इस कार्यशाला से लाभ लेकर कार्य में प्रगति लाने हेतु भी निर्देशित किया। तकनीकी सत्र में अविनाश मिश्रा, वरिष्ठ प्रबंधक, सी एस सी, लखनऊ ने सी एस सी के कार्य एवं दायितो से सभी को अवगत करा एवं आवश्यक प्रश्नों के उत्तर दिए ' रितेश शर्मा वरिष्ठ सलाहकार, पंचायतीराज विभाग, लखनऊ ने योजना में ग्राम प्रधानों की महता को बताया एवं पंचायतीराज विभाग के दायितों से सभी को अवगत कराया। शशांक कुमार, प्रबंधक राष्ट्रीय लघु उद्योग बैंक , प्रयागराज ने इस योजना में बैंक की भूमिका को बताया। शुभम शंकर मिश्र, सहायक निदेशक, आरडीएसडी& ई, कानपुर, ने कौशल एवं उद्यमिता विकास मंत्रालय के इस योजना में भूमिका एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में सभी को अवगत कराया। जनपद स्तरीय आ रही कठिनाइयों को संयुक्त निदेशक ने नोट कर शीघ्र दूर करवाने हेतु आश्वस्त किया। सुशील कुमार सहायक निदेशक एमएसएमई विकास कार्यालय प्रयागराज ने मंत्रालय ने प्रश्न उत्तर का संचालन किया ' प्रेमचंद कुमार सहायक निदेशक एमएसएमई विकास कार्यालय प्रयागराज ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी अतिथि अधिकारियों एवं जिला उद्यम एवं उद्यमिता प्रोत्साहन केंद्र को उनके द्वारा अभूतपूर्व सहयोग हेतु विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया कार्यक्रम में लगभग 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# अल्लापुर में गृहकर वसूली के दौरान एक भवन सील

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** नगर विकास विभाग उ0प्र0शासन से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 सत्र के समाप्ति के सन्निकट गृहकर वसूली अभियान में तेजी दिखाते हुए नगर निगम प्रशासन की वसूली टीम द्वारा वर्षों से बकाये के रूप में गृहकर को रोकने वाले भवन स्वामियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 26.02.2024 को जोनल कार्यालय अल्लापुर में 11 भवन स्वामियों पर प्रस्तावित कुर्की के दौरान भवन संख्या 30/16, रामबाग भवन स्वामी छोटे लाल कोरी के भवन पर गृहकर बकाया धनराशि रू0-93.00 हजार बकाया के दृष्टिगत सीलिंग की कार्यवाही की गयी। सभी जोनों से कुर्की वसूली के दौरान गृहकर में प्राप्त कुल धनराशि रू0-13.62 लाख कैश/चेक के माध्यम से वसूलयावी की गयी।कार्यवाही का नेतृत्व करते हुए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की वसूली टीम में कर अधीक्षक खुल्दाबाद राकेश कुमार तथा नगर निगम प्रर्वतन दल की टीम कार्यवाही में शामिल रहे।

# नैनी में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर फटा, एक घायल

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में शंकरढाल स्थित जय गुरुदेव मार्केट में सोमवार की सुबह खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने भयावह रूप धारण कर दिया। आग पर काबू पाने से पहले ही गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। धमाके की आवाज से आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। इस हादसे में दुकानदार जख्मी हो गया। फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने में लगी रही। मुंडेरा निवासी रिंकू (25) ड्राइवर है। वह नैनी शंकरढाल स्थित जय गुरुदेव मार्केट के ऊपरी हिस्से में शटर लगे कमरे में किराए पर रहता है। उसके साथ कई और ड्राइवर भी रहते हैं। सोमवार की सुबह लगभग 9:30 बजे रिंकू खाना बना रहा था। उसी दौरान गैस सिलेंडर में आग लग गई। रिंकू ने आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग नहीं बुझी। इस घटना से वहां हड़कंप मच गया। देखते ही देखते तेज धमाके के साथ गैस सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फटने से दुकान की शटर के परखच्चे उड़ गए। साथ ही सड़क पर गई बिजली की केबिल में आग पकड़ने के साथ ही उस मकान समेत आसपास के कई मकान में दरार आ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर बिग्रेड की मदद से आग पर काबू पाया। इस दौरान वहां पर आवागमन प्रभावित हुआ और जाम लग गया।

# शिक्षा से ही छात्र-छात्राओं का मार्ग होता है प्रशस्त : रामानुजाचार्य

## सेंट्रल एकेडमी शाखा सराय इनायत में आयोजित हुआ ग्रैन्ड पैरेंट्स डे एवं द्वितीय वार्षिकोत्सव समारोह

**अखंड भारत संदेश**







**प्रयागराज।** सेंट्रल एकेडमी सराय इनायत शाखा में सोमवार को ग्रैन्ड पैरेंट्स डे तथा विद्यालय का दूसरा वार्षिकोत्सव अभ्युदय का आयोजन किया गया` कायरक्रम के मुख्य अतिथि श्रृंगवेरपुर तीर्थ के पीठाधीश्वर आचार्य रामानुजाचार्य रहे। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की वन्दना तथा उनकी प्रतिमा पर मुख्य अतिथि द्वारा दीप जलाकर की गई` तत्पश्चात बच्चों ने स्वागत गीत और नृत्य द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया` कार्यक्रम में डायरेक्टर एस के तिवारी द्वारा ग्रैन्ड पैरेन्ड डे को आ?वार्ड देकर सम्मानित किया गया` इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये` अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के ऊपर बच्चों ने कार सेवा से लेकर वर्तमान समय के मंदिर निर्माण तक की एक झांकी प्रस्तुत की जिसकी उपस्थित लोगों ने जहां भूरि भूरि प्रशंसा किया वहीं इस प्रस्तुति से बेहद गदगद होकर आचार्य ने बच्चों को ग्यारह हजार रुपये का पारितोषिक दिया। कार्यक्रम में आए हुए एक अभिभावक ने इक्यावन सौ रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया `संस्था के डयरेक्टर ने मुख्य अतिथि महोदय तथा सभी उपस्थित सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई और धन्यवाद दिया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा यदि हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे तो वह आगे चलकर दुनिया में हमारे स्कूल का नाम रोशन करेंगे और अपना मार्गदर्शन अच्छी प्रकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही छात्र छात्राओं का मार्ग प्रशस्त होता है। सराय इनायत शाखा की प्रधानाचार्या ऋचा त्रिपाठी ने कार्यक्रम में आये हुये सभी सदस्यों का स्वागत और आभार प्रकट किया तथा विद्यालय और उसकी बढती हुई लोकप्रियता और शिक्षा की गुणवत्ता के विषय में उपस्थित लोगों को विस्तार से समझाया `प्रधानाचार्या की बातों से लोग काफी प्रभावित हुऐ` सभी दर्शकों ने कार्यक्रम को काफी उत्साह से देखा।अंत में सराय इनायत शाखा की प्रधानाचार्या आदरणीय ऋचा त्रिपाठी ने आयोजन में आये हुये सदस्यों को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया और कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया` इस मौके पर झूसी शाखा के प्रधानाचार्य आनंद पांडेय पैरेंट्स प्राइड की प्रधानाचार्या दीप्ति मिश्रा शंकरदेव त्रिपाठी डा उमेश मिश्रा रजनीश तिवारी तथा सराय इनायत शाखा के शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा अभिभावक दादा दादी नाना नानी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिंह का विदाई समारोह



**नैनी।** नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिंह का तबादला हो जाने पर विदाई समारोह का कार्यक्रम रखा गया जिसमें एसपीओ जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र जयसवाल एवं प्रभारी अजय यादव राजबहादुर जायसवाल सागर जायसवाल, बी के श्रीवास्तव, आजम खान, रोहित चौरसिया, जग्गू भाई, गौरव खुराना धीरेंद्र कुमार ने चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिंह को साल एवं माला पहनना कर सम्मानित किया गया एसपीओ प्रभारी अजय यादव ने बताया कि। चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिंह एक ईमानदार और निष्ठावान चौकी इंचार्ज रहे हैं जो नैनी के जनता के लिए बहुत ही लोकप्रिय रहे इनके तबादलों को लेकर हम पूरी टीम दुख व्यक्ति करते हैं।

# अनोखी : हेलीकॉप्टर से हुई नैनी के सोनई का पूरा में बधू की विदाई

## सफेद हेलिकाप्टर से हुई दुल्हन की विदाई, जोड़े को देखने उमड़ी भीड़, लोगों ने कहा शादी हो तो ऐसी

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी के चाका क्षेत्र में सोनई का पूरा गांव में 25 फरवरी को एक ऐसी शादी हुई। दूसरे दिन सोमवार को एक अनोखी विदाई हुई जो चर्चा का विषय बनी रही। दूल्हा अपनी दुल्हन को लेकर उड़ गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। नैनी के छोटे से मोहल्ले सोनई का पूरा, डभांव निवासी विजय बहादुर सिंह की पुत्री पूनम पटेल का विवाह मुरादपुर उर्फ खिदिरपुर, इस्माइलपुर, सोरांव निवासी व्यवसाई प्रभाकर पटेल पुत्र स्व. छोटेलाल के साथ तय हुई थी। दूल्हे ने अपनी इच्छा जताई थी कि वह चाहते हैं दुल्हन की विदाई हेलीकाफ्टर से हो। पहले तो कन्या पक्ष को हैरानी हुई लेकिन बाद में वह मान गए। बारात धूमधाम से आई। विवाह हुआ और विदाई पहले कार में हुई। फिर दूल्हा और दुल्हन को हेलीपैड तक लाया गया। यहां पर दूल्हा और दुल्हन हेलीकाफ्टर पर सवार होकर उड़ गए। यह मंजर देखने को बड़ी संख्या में आसपास गांव के लोग मौजूद रहे।

## किसान के बेटे ने हेलीकॉप्टर से दुल्हन लाकर गांव का मान बढ़ाया



**फाफामऊ।** नैनी। मुराद पुर उर्फ खिदिर पुर के रहने वाले किसान के बेटे ने अपनी शादी में दुल्हन को सोमवार को हेलीकॉप्टर से घर लाकर आपने किसान पिता और अपने गांव का मान बढ़ाया है। जैसे ही दुल्हन को लेकर गांव के बाहर बने हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतरा तो आस पास गांव के हजारों लोगों ने हेलीकॉप्टर को देखने के लिए भीड़ इक्कठा हो गई। लोग हेलीकॉप्टर वाली दुल्हन को एक नजर देखने के लिए बेताब रहे। जानकारी के मुताबिक मुरादपुर उर्फ खिदिर पुर गांव के पारस पटेल एक किसान है। उनके बड़े बेटे प्रभाकर पटेल की शादी नैनी के चाका अंतर्गत सोनई का पूरा के विजय बहादुर पटेल के बेटी पूनम पटेल से 25 दिसंबर को हुई। सोमवार को दुल्हन बनी पूनम पटेल के विदाई में जैसे ही गांव के बाहर हेलीकॉप्टर उतरा तो हेलीकॉप्टर को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। दूल्हा बने प्रभाकर पटेल ने जैसे है अपनी दुल्हन पूनम को हेली कॉप्टर से विदाई कराकर करीब दोपहर में दो बजे अपने गांव मुराद पुर उर्फ खिदिर पुर पहुंचे तो आसपास के हजारों लोगों की भीड़ हेलीकॉप्टर वाली दुल्हन को देखने के लिए इकट्ठा हो गए। दुल्हन गांव के बाहर हेलीकॉप्टर से उतर कर डोली से और दूल्हा घोड़े से घर जाने लगे तो लोगों में चर्चा होने लगी कि किसान के बेटे ने अपने गांव का मान बढ़ाया है। दूल्हा प्रभाकर पटेल के किसान पिता ने बताया कि मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि हमारे बेटे ने गरीबी को मात देते हुए अपने मेहनत के बल पर मेरे साथ अपने गांव का भी नाम रोशन किया है।

# 190 करोड़ की चार परियोजनाओं का पीएम ने किया शिलान्यास

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये किया संबोधन

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** सोमवार को कुण्डा क्षेत्र को एक साथ चार परियोजना मिली। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिलान्यास के साथ लाईव सम्बोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भारत छोटे सपने देखना बन्द कर दिया अब बड़े सपने देख रहे है। अमृत भारत योजना से अब रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है।

कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने कुण्डा हरनामगंज रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपके आशीर्वाद व स्नेह के रूप में दिया गया समर्थन ही कार्य करने की प्रेरणा देता है। जब हम कुण्डा क्षेत्र से निकलते थे तो करेंटी रोड़ पर जाम देख कर ऐसा महसूस करते थे कि यहां पर रोड़ ओवरब्रिज बनना चाहिए। पता नही क्यों यहां के प्रतिनिधिगण कुण्डा बाबागंज का विकास कार्य नही कराये। कुण्डा का रेलवे स्टेशन 2014 में ऐसा दिखता था कि बहुत इसकी उपेक्षा की गई। आज स्टेशन का कायाकल्प हुआ। अब 10 करोड़ की लागत से इसकी दशा और बदलेगी। करेंटी रोड़, बाबूगंज, मवई रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बन जाने के बाद लोगों को यात्रा करने में सुगमता होगी। अब लोगों को जाम में नही फसना होगा।



परियोजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम शामिल में सांसद विनोद सोनकर।

कुण्डा बाबागंज का विकास का रथ रुकने वाला नही है। 2014 से लेकर 2024 तक ऐतिहासिक विकास हुआ। अभी यहां पर बाबा हौदेश्वरनाथ धाम में गंगा के किनारे सीढ़ी बनाना है। बिहार, बाघराय, संग्रामगढ़ व परियावां को नगर पंचायत बनाना है। किसानों के लिए कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था करनी है। कुण्डा बस स्टेशन से बसे चलवाना है। इसके बाद बाबूगंज बाजार में आयोजित रोड़ ओवरब्रिज एवं मवई में रोड़ ओवरब्रिज का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी कुण्डा भरत राम, कोतवाल कमलेश पाल, रेलवे के नोडल निखिल तिवारी, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, भाजपा नेता पूर्व प्रत्याशी शिव प्रकाश मिश्र सेनानी,जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, ठाकुर प्रकाश सिंह, योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला,पवन गौतम, मानिकपुर चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल, अखिलेश द्विवेदी, उदय शंकर पाण्डेय, गोलू शुक्ल, विनीत पाण्डेय, आंनद मिश्र, सुमन साहू, रूपा गौतम, मंडल अध्यक्ष अमर जीत सिंह, सिद्दार्थ शंकर श्रीवास्तव, अनिल पटेल, आशुतोष मणि द्विवेदी, महेश सिंह फौजी, अंकित मिश्र, अर्श मोहम्मद, मोहम्मद सोहराब, नीलू यादव, सरोज त्रिपाठी, सुनील त्रिपाठी, सुरेश तिवारी, सन्तोष मिश्र, माधव राज शुक्ल, होरी लाल सोनकर सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



स्मार्ट फोन के साथ प्राचार्य व छात्र-छात्राएं।

# एमडीपीजी कालेज में 176 छात्र-छात्राओं को वितरित किया गया स्मार्ट फोन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत आज बीए के 176 छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन वितरित किया गया। स्मार्टफोन का वितरण प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र एवं भाजपा के जिला महामंत्री राजेश सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा कि विद्यार्थी इस स्मार्टफोन का उपयोग अपनी आगे की पढ़ाई में करें। अनावश्यक चैटिंग व अन्य अवांछित कार्यों के लिए इसका उपयोग कदापि न करें।स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में प्रो माया शंकर, प्रो संतोष कुमार पांडे, डॉ प्रमथेश पांडे, डॉ अरुण कुमार वर्मा, डॉ राजेंद्र मिश्र, डॉ रंजीत पटेल,डॉ मनीष सिंह, अमित वत्स, अतुल पांडे, पीयूष सिंह आदि ने सहयोग किया।स्मार्टफोन वितरण के प्रभारी प्रो पी के सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि बीए के शेष बचे विद्यार्थियों को 27 एवं 28 फरवरी को स्मार्टफोन वितरित किया जाएगा।

# जनसत्ता दल का समर्थन भाजपा के साथ, समर्थकों में खुशी

## एक पखवारे से चल रही राजनीतिक सरगर्मी पर लगा विराम

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** मंगलवार को होने जा रहे राज्यसभा चुनाव मे चल रहे अनुमानों पर विराम लगाते हुए जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा को समर्थन देने का एलान कर दिया। लखनऊ मे पत्रकारों के सवाल का जबाब देते हुए राजा भैया ने कहा की जनसत्ता दल का समर्थन भारतीय जनता पार्टी को ही जायेगा। एक पखवारे से चल रही राजनितिक सरगर्मियां और कयास पर पुरी तरह विराम लगाते हुए राजा भैया ने साफ कर दिया की उनकी पार्टी भाजपा को वोट करेगी। समर्थकों को जैसे ही इस बात की सूचना मिली तो उनमे खुशी की लहर दौड़ गयी क्यू की दबे मन समर्थक भी यही चाहते थे की उनके नेता भाजपा को सपोर्ट करें।

बताते चले की करीब दस दिन पूर्व जब समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम राजा के आवास जाकर उनसे मुलाक़ात किया तो राजनितिक बयानबाजी और कयास लगाने का दौर सा शुरु हो गया। हालांकि जानकारों का ये मानना था की राजा भैया भाजपा को ही समर्थन करेंगे लेकिन सपा अध्यक्ष की मुलाक़ात के बाद कयासों का दौर सा चल पड़ा और लोग अपने सुविधा के हिसाब से अनुमान लगाने लगे। यद्यपि उसके अगले दिन ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी भी राजा भैया से मुलाक़ात किये तो अनुमानों के बाजार मे दो तरह की बाते हवा मे तैरने लगी। अब जबकी कल ही राज्य सभा के लिए मतदान होना है तो आज पत्रकारों ने राजा भैया से पूछा कि उनकी पार्टी का समर्थन किसे मिलेगा? तो उसके जबाब मे राजा भैया ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी का समर्थन भाजपा के पक्ष मे जायेगा। इधर उनके गृह विधानसभा कुंडा मे जैसे ही ये खबर पहुंची तो उनके समर्थक फूले नहीं समाये क्योंकि अंदर खाने से समर्थक भी चाहते थे कि राजा भैया इस बार भी भाजपा को समर्थन दें।

# शोहदे ने छात्रा व परिवार के ऊपर तेजाब फेंकने की दी धमकी

## शादी से इन्कार करने पर तेजाब फेंकने की दी धमकी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली क्षेत्र मे कालेज आने जाने के दौरान एक छात्रा से एक शोहदा आए दिन छेड़खानी करने का मामला प्रकाश मे आया। शोहदा छात्रा से जबरन फोन करके अश्लील बात करता था। शादी से इनकार करने पर आरोपित उसके घर पर पहुंचा और तेजाब फेंकने की धमकी दी। मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश शुरु कर जी है। गांव की एक छात्रा नगर के एक महाविद्यालय में एमए की छात्रा है। कॉलेज आने-जाने के दौरान दूसरे समुदाय का शोहदा आए दिन उसके साथ छेड़खानी करता था विरोध करने पर धमकाता था। यही नहीं वह फोन पर अश्लील बात भी करता और छात्रा से जबरन शादी करने का दबाव बना रहा है। छात्रा व परिवार के लोग बदनामी के डर से चुप रहने पर शोहदा 23 फरवरी को छात्रा के घर पहुंच गया और छात्रा से जबरन शादी करने की धमकी देने लगा। स्वजन के विरोध करने पर उसने छात्रा व परिवार के लोगों पर तेजाब फेंक कर मार डालने की धमकी देने के बाद शोहदा दरवाजे पर खड़ी छात्रा के साथ छेड़खानी करने लगा इस पर स्वजन ने शोर मचाना शुरु कर दिया शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे तो आरोपित शोहदा मौके से धमकी देते हुए भाग निकला घटना को लेकर छात्रा की मां ने कुंडा थाने में तहरीर दिया।

# व्याख्यापित रघुनाथाभ्युदयमहाकाव्यम् का हुआ भव्य लोकार्पण

## वक्ताओं ने दी इसे कालजई महाकाव्य की संज्ञा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्त्वावधान में संस्कृत के विद्वान् डॉ0 शक्तिधरनाथ पाण्डेय द्वारा व्याख्यायित व रामभद्रांबा प्रणीत ग्रंथ रघुनाथाभ्युदयमहाकाव्यम् का लोकार्पण एवं सम्मान समारोह शारदा संगीत महाविद्यालय में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम शारदा संगीत महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती-वंदना व स्वागत-गीत प्रस्तुत किया।

रघुनाथाभ्युदयमहाकाव्यम् के लोकार्पण के उपरांत ग्रंथ के प्रणेता डॉ0शक्तिधरनाथ पाण्डेय को श्रेष्ठ साहित्य साधक सम्मान से अलंकृत किया गया। अन्य विद्वत जनों में डॉ0 डी0पी0 ओझा, डॉ0 शैलेंद्र कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार त्रिपाठी,



महाकाव्य का लोकार्पण करते अतिथिगण।

ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, राम अवधेश मिश्रा, डॉ0 राघवेंद्र कुमार पाण्डेय, शिवधरनाथ पाण्डेय, रामशंकर त्रिपाठी, बीना श्रीवास्तव, आनंदमोहन ओझा आदि को अंगवस्त्रम् व सम्मान-पत्र से विभूषित किया गया। ग्रंथ के प्रणेता डॉ0 शक्तिधर नाथ पाण्डेय ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत किया और पुस्तक निर्माण से जुड़े अनुभवों को बताया उन्होंने कहा कि जो पीड़ा एक प्रसूता को बच्चों को जन्म देते हुए होती है वही पीड़ा एक लेखक को पुस्तक के प्राणयन में होती है इसके प्राणयन में 2 वर्ष का समय लगा मुख्य आतिथि वरिष्ठ साहित्यकार, समालोचक, पूर्व प्राचार्य डॉ0 डी0पी0 ओझा ने ग्रंथ की समीक्षा करते हुए कहा कि डॉ0 शक्तिधरनाथ पाण्डेय जी परम यशस्वी हैं। दक्षिण भारत और उत्तर भारत के साहित्य-संस्कृति और दर्शन को महाकाव्य जोड़ने में समर्थ हैं। रस, अलंकार व छन्द की दृष्टि से भी कृति अनुपम है। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार व पूर्व न्यायाधीश डॉ0दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि रघुनाथाभ्युदयमहाकाव्यम् एक ऐतिहासिक महाकाव्य है। इसका कथ्य व रचनाकर्म कालजयी है। इसके प्रणयन में डॉक्टर शक्तिधरनाथ पाण्डेय पूर्ण सफल है। छन्दोबद्धता निराली है। समारोह का संचालन अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा ने किया इस अवसर पर सुनील कुमार सिंह, अशोक कुमार शर्मा, महर्षि पांडे, कुंज बिहारी लाल मौर्या काका, अमरनाथ गुप्ता, देवकांत त्रिपाठी, शैलेंद्र मिश्र, उमाशंकर शुक्ल ,सुमन लता श्रीवास्तव, रोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जिले के सात परीक्षा केन्द्रों पर हाईस्कूल अंग्रेजी की 3700 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

## रीडिंग और टेक्स्ट बुक पर आधारित प्रश्न बच्चों को लगे आसान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में सीबीएसई के सात विद्यालयों न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, संगम इंटरनेशनल स्कूल, डॉल्फिन पब्लिक स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, पंडित नागेश दत्त पब्लिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय तथा आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे के बीच सम्पन्न हुई।

इस परीक्षा में कक्षा 10 के 3700 परिक्षार्थी सम्मिलित हुए। सीबीएसई 10 वीं अंग्रेजी पेपर देकर बाहर निकले ज्यादातर स्टूडेंट्स ने बताया कि सेक्शन ए तथा सेक्शन सी जिसमे क्रमशः रीडिंग और टेक्स्ट बुक आधारित प्रश्न थे आसान लगे। सेक्शन बी जिसमे राइटिंग और व्याकरण से संबंधित प्रश्न अपेक्षाकृत कठिन लगे। उन्होंने बताया कि वह कुछ ही सवालों में अटके थे. जिन स्टूडेंट्स को सीबीएसई बोर्ड एग्जाम पैटर्न और मार्किंग स्कीम की जानकारी थी उन्हें पेपर हल करने में कम परेशानी हुई। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षाओं की शुरुआत से पहले बोर्ड ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए थे कि विद्यार्थियों को केंद्र में परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले ही उत्तर पुस्तिका दी जायेगी। ताकि वे उत्तर पुस्तिका में आवश्यक जानकारी भर सकें। अब 10 वीं कक्षा की अगली परीक्षा विज्ञान विषय की होगी, जो 02 मार्च को आयोजित की जायेगी। इस बार उम्मीदवारों को अपने परीक्षा केंद्र पर 45 मिनट पहले पहुंचने के दिशा-निर्देश हैं। सुबह 10 बजे के बाद केंद्रों पर परीक्षार्थियों का प्रवेश वर्जित किया गया है। बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार छात्रों को किसी भी इलेक्ट्रानिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन या घड़ी कैल्कुलेटर आदि के साथ प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। साथ ही सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षाओं को लेकर एक पब्लिक अलर्ट जारी किया है जिसके अनुसार सभी स्टूडेंट्स और पैरेंट्स विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (जैसे- यूट्यूब, फेसबुक, एक्स, टेलीग्राम, आदि) पर बोर्ड एग्जाम को लेकर वायरल की जा रही फर्जी खबरों पर विश्वास न करें। बोर्ड ने स्टूडेंट्स को सचेत किया कि कई सोशल मीडिया साइट्स या ग्रुप पर फर्जी पेपर लीक के दावे के साथ पेपर एग्जाम के टाइम वायरल किए जाते हैं। कई ग्रुप द्वारा बकायदा क्वेश्चन पेपर के लिए पैसों की भी मांग की जाती है। ऐसे किसी भी दावों पर विश्वास न करने की सलाह सीबीएसई ने स्टूडेंट्स-पैरेंट्स को दी है।



न्यू एंजिल्स परीक्षा केन्द्र से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

# प्रधानमंत्री ने चिलबिला जंक्शन के पुनर्विकास का शिलान्यास किया

## पहले और अब के स्टेशन में अभूतपूर्व परिवर्तनः सांसद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के 554 रेलवे स्टेशनों में शुमार चिलबिला जंक्शन के भी कायाकल्प की वर्चुअल आधारशिला 26 फरवरी को रखी। उन्होंने कहा कि आज देश विकास के रास्ते पर दौड़ रहा है। विदेशों में डंका बज रहा है।

सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि 2017 से पहले और उसके बाद के रेलवे स्टेशन में अभूतपूर्व परिवर्तन दिखाई दे रहा है। यह सब प्रधानमंत्री की सोच और पारदर्शिता का नतीजा है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री ने चिलबिला जंक्शन के पुनर्विकास का शिलान्यास किया है। उन्होंने कहा कि मालगोदाम पर आरओबी का निर्माण जल्द शुरू होगा। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश, डीईएनटू, रोशन लाल, विवेक उपाध्याय, रमा मिश्रा समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान वार्ड नंबर 14 की भाजपा सभासद कमला देवी ने लखनऊ बनारस इंटर सिटी एक्सप्रेस, सरयू एक्सप्रेस और पद्मावत एक्सप्रेस का ठहराव चिलबिला जंक्शन पर करने और मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से कानपुर के बीच चल रही इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव प्लेटफार्म एक पर करने की मांग की। उनका कहना था कि बुजुर्ग, दिव्यांग यात्रियों को चार नंबर प्लेटफार्म पर जाने में काफ़ी दिक्कत होती है। सांसद संगम लाल ने डीईएन टू से इसके बारे में बात की। चिलबिला जंक्शन के पुनर्विकास के लिए नपा अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह ने सांसद संगम लाल गुप्ता के प्रति आभार ज्ञापित किया है।



शिलान्यास कार्यक्रम में मौजूद सांसद संगम लाल व नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

## सभासद ने सरयू एक्सप्रेस, पद्मावत और इंटर सिटी के ठहराव की मांग की

# डिग्री कालेज कालाकांकर के एन एस एस के शिविरार्थियों ने गंगाघाट पर किया श्रमदान

## कालेज के प्राचार्य ने शिविरार्थियों की इस कार्य की सराहना

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मदन मोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर में विशेष शिविर के तीसरे दिन सभी शिविरार्थियों ने सोमवार की सुबह सत्र में एक मानव श्रृंखला बनाकर कालाकांकर गंगा घाट पहुंचकर सर्वप्रथम गंगा तट को पालीथीन मुक्त करने का अभियान चलाया। इसके बाद गंगा तट पर अवस्थित जानहवि संस्कृत आदर्श महाविद्यालय कालाकाकर के परिसर को भी पॉलिथीन मुक्त करने का अभियान चलाया।



कालाकांकर गंगाघाट पर श्रमदान करते शिविरार्थीगण।

तदुपरांत सभी शिविरार्थी चयनित ग्राम कालाकाकर पहुंचे तथा पॉलिथीन कूड़े का निस्तारण किया। इसी क्रम में शिवरार्थियों ने कालाकाकर प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर प्राथमिक विद्यालय परिसर को पॉलिथीन मुक्त करने का अभियान चलाते हुए साफ सफाई किया। शिविरार्थियों को अपने सम्बोधन मे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव ने तीनों ईकाइयों के छात्र छात्राओं को बताया कि एन एस एस के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तिगत और चरित्र का विकास करना इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य है। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसे औपचारिक रूप से 24 सितंबर 1969 को शुरु किया गया जो कालेज व विश्व विद्यालयों के छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर डालचंद आनंद, भूपेश प्रताप सिंह व डॉक्टर सृष्टि कुशवाहा के साथ सभी शिविरार्थी मौजूद रहे।

# शिक्षा से होता है नए युग का सृजनः न्यायमूर्ति

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** शिक्षा वह अमूल्य निधि है जिसके बलबूते पर आप अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। आज शिक्षा के क्षेत्र में छात्र छात्राएं अपनी उपलब्धियों का डंका बजा रहे हैं, जरूरत है शिक्षा के साथ संस्कार और आपसी सौहार्द का भी पाठ पढ़ाया जाए, जिससे समाज में भाईचारे और प्रेम का वातावरण बन सके।

यह विचार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद ने राम प्रसाद सिंह इंटर कॉलेज के वार्षिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। न्यायमूर्ति ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा ही एकमात्र साधन है जिसके द्वारा हम परिवार के साथ देश का भी नाम रोशन कर सकते हैं। प्रतिस्पर्धा के इस युग में रिश्तों को जीवंत रखने में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए न्यायमूर्ति बालमुकुद चैरसिया ने कहा कि आज विभिन्न क्षेत्रों में बेटे और बेटियां अपनी प्रतिभा के बल पर इतिहास रच रहे है।



न्यायमूर्ति को सम्मानित करते आयोजकगण

संस्कार युक्त शिक्षा देश और समाज को एक नई दिशा प्रदान करती है। और जीवन पर्यंत साथ रहती है। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी पंकज मिश्रा और संचालन अनिल तिवारी ने किया। प्रबंधक इंसाफ बहादुर सिंह ने आए हुए लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस दौरान क्षेत्र के 26 सेवानिवृत शिक्षकों को अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से विद्यालय के प्रबंधक इंसाफ बहादुर सिंह, खेदन जायसवाल पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, आशीष खंडेलवाल, शीतला सिंह बच्चा, ग्राम प्रधान छोटे दुबे, अविनाश, निखिल, रीता सिंह, अवधेश तिवारी, प्राची पांडे, सौम्या सिंह, आयुषी सिंह, कावेरी सिंह, रूपम, अभय, अभिषेक, जमुना, विवेक, राघवेंद्र, हेमंत सहित दर्जनों अध्यापक व छात्रों के साथ गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में मृत लोगो के परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

## 5 लाख मुवावजे की मांग

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भरवारी में 25 फरवरी को पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में मृत लोगो के परिजनों ने सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस से वापस आने पर शव रखकर प्रदर्शन किया है,पीड़ित परिजनो के साथ ग्रामीण भी प्रदर्शन में शामिल रहे,मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने 5 लाख मुवावजे की मांग की,जिसके बाद एसडीएम और एडीएम ने मान मनौव्वल किए जाने और आश्वासन देने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। भरवारी कस्बे में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में मृत लोगो के परिजनों को सीएम योगी ने सीएम राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख मुआवजे का ऐलान किया है और घायलों को 50-50 हजार का मुआवजा देने का ऐलान किया है।जिसके बाद पीड़ितों के गांव अमहा पहुंचे एडीएम प्रबुद्ध सिंह,एसडीएम चायल सहित कानूंगी ,लेखपाल पहुंचे और मृतक के परिजनों को सहायता राशि देने के लिए कागजी कार्रवाई पूरी कर रहे है।



इसके बावजूद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को रखकर प्रदर्शन किया और 5 लाख रुपए मुवावजा की मांग की,और प्रदर्शन किया।जिसके बाद एडीएम प्रबुद्ध सिंह सहित तमाम अधिकारियो के मनाने के बाद और पीएम राहत कोष से कुछ और आर्थिक सहायता दिलाने के आश्वासन पर ग्रामीण माने और शवो का अंतिम संस्कार कर दिया पोस्टमार्टम हाउस से मृतकों के शव वापस आने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई थी जगह जगह पर पुलिस के जवान मौजूद रहे और गंगा नदी किनारे अंतिम संस्कार के समय भी भारी सुरक्षा व्यवस्था मौजूद रही।

# सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं इंडीकेट्र्स के प्रगति की सीडीओ ने की समीक्षा

## सीडीओ ने बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ सी.एम. डैश बोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/ इंडीकेट्र्स की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभागीय योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने उप कृषि निदेशक को बीज डीबीटी, सीएमओ को सीटी स्कैन सेवाओं, अधिशासी अभियंता जल निगम को हर-घर नल से जल योजना एवं उपायुक्त उद्योग को ओडीओपी वित्त पोषण योजना व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में शत-प्रतिशत



प्रगति कर रैंकिग में सुधार लाने के निर्देश दियें। उन्होंने उपायुक्त एनआरएलएम को डे-एनआरएलएम, बीसी सखी एवं परियोजना निदेशक को प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना में अवशेष रह गये आवासों को शीघ्र पूर्ण कराकर शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने 15वॉ वित्त आयोग, व्यक्तिगत शौचालय एवं स्वच्छ भारत मिशन इंडीकेटर्स में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित अधिकारी को प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को सहभागिति योजना के तहत गोवंशों की सुपुर्दगी एवं कृत्रिम गभार्धान इंडीकेटर्स में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्हांने जिला प्रोबेशन अधिकारी को कन्या सुमंगला योजना के तहत लम्बित आवेदन को शीघ्र निस्तारित कराकर रैंकिग में सुधार लाने के निर्देश दियें। उन्हांने ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा निर्मित कराये जा रहें सड़कों के निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि आगामी बैठक में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर अधिशासी अभियंता आरईडी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं/ इंडीकेट्र्स में जनपद प्रथम स्थान पर है, उन योजनाओं/ इंडीकेटर्स के सम्बन्धित अधिकारी नियमित समीक्षा करते हुए रैंकिग को यथावत बनाये रखें। सीडीओ ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय में मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित चुनाव का पर्व, देश का गर्वह्व विषयक फ्लैक्सी लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को ऑगनबाड़ी केन्द्रों, ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों एवं कोटेदारों के यहॉ भी फ्लैक्सी लगवाने के निर्देश दियें बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भरवारी पटाखा ब्लास्ट कांड के मृतको के घर पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल



**कौशाम्बी।** कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा के नेतृत्व में कौशांबी के भरवारी में हुए ब्लास्ट के मृतको के घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दिया , सबसे पहले प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया उसके पश्चात घटना में मृतक मजदूरों के गांव चमंधा पहुंचकर उनके परिजनों को सांत्वना दी जहां एक ही परिवार के हरिलाल सोनेलाल की मृत्यु हो गई वहीं मुकेश प्रयागराज के स्वरूप रानी हॉस्पिटल में भारती है ऐसे में हर परिजनों से मिलकर उन्हें सद्भावना दी तथा हर तरह की मदद का आश्वासन दिया । उन्होंने सरकार से मृतकों के लिए पांच पांच लाख रुपये मुआवजा तथा ब्लास्ट में घायल मजदूरों के लिए एक एक लाख मुआवजे की मांग की प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा के साथ कांग्रेस कौशांबी के प्रभारी प्रदेश सचिव राजेश साहनी जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू फैसल अली शाहिद सिद्दीकी कौशलेश द्विवेदी रजनीश पांडे कमलाकांत शुक्ला भीम पाल सीताराम राम प्रकाश भरत गौतम मथुरा दुबे आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे ।

## तहसील परिसर में तमंचा लेकर अधिवक्ता को दौड़ाया

**चायल कौशाम्बी** पिपली थाना क्षेत्र के हाजीपुर नूरपुर गांव निवासी मानसिंह यादव पुत्र बच्चा लाल सिंह तहसील चायल में अधिवक्ता हैं। सोमवार को वह तहसील के कार्यों में लगे थे इसी बीच उनके विरोधी तहसील पहुंच गए और तमंचा लेकर तहसील परिसर में अधिवक्ता मानसिंह यादव को दौड़ा लिया मानसिंह यादव जान बचाकर भागे तहसील परिसर में अधिवक्ता को तमंचा लेकर दौड़ाए जाने के बाद तहसील में अफरा तफरी मच गई इस बात की जानकारी जैसे ही अन्य अधिवक्ता साथियों को लगी अधिवक्ताओं ने विरोध किया जिस पर हमलावर भाग निकले बताया जाता है कि 25 जनवरी को भी अधिवक्ता के गांव में विरोधियों ने अधिवक्ता के मकान का दिवाल तोड़ दिया और नया निर्माण कर रहे थे जिस पर अधिवक्ता ने विरोध किया तो उनके विरोधियों ने लाठी डंडा कुल्हाड़ी फावड़ा लेकर अधिवक्ता को जान से मारने के लिए दौड़ा लिया था अधिवक्ता जान बचाकर घर के भीतर घुस गए थे जिस पर उनकी जान बच सकी। हमले किए जाने के पीछे जमीनी विवाद बताया जाता है मामले की सूचना अधिवक्ता ने क्षेत्र अधिकारी चायल को देकर हमलावरो पर कार्यवाही की मांग की है।

# नौढिया ग्राम पंचायत में अंडर पास रेलवे पुल का उदघाटन

**कोखराज कौशांबी।** सिराथू तहसील के अन्तर्गत नौढिया ग्राम पंचायत में अंडर पास रेलवे पुल का उदघाटन कर दिया गया है अंडरपास रेलवे पुल बन जाने के बाद गांव क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी समारोह में नगर पंचायत भरवारी अध्यक्ष कविता पासी, जिला पंचायत सदस्य तूफान सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सिराथू लवकुश मौर्या व्यवस्थापक ओम कृष्ण पांडेय आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया संचालक अमन कुमार पांडेय ब्यवस्थापक ओम कृष्ण पांडेय की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी जी के जनता के प्रति समर्पित जन हानि रोकने के लिए अंडर पास व ओवर ब्रिज पूरे देश में लगभग 41000 हजार करोड़ रुपये का प्रस्ताव की घोषणा कर जनता के सुविधाओं को सुलभ बनाने से आम जनता को सहूलियत होगी प्रधान मंत्री के आन लाइन उदघाटन करने पर रेलवे कर्मचारियों के साथ लवकुश मौर्य ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने मिलकर शिलान्यास

## प्राथमिक विद्यालय नौढिया के छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रस्तुतीकरण लोगों का मन मोह लिया



शिलापट का उदघाटन किया मौके पर रेलवे स्टेशन मास्टर काली दीन व स्टेश मास्टर नवीन कुमार अपने समस्त कर्मचारियों के साथ वर्चुअल उद्घाटन में मौजूद रहे रेलवे अंडर पुल का लाइव प्रसारण किया गया जिसमें क्षेत्र के नागरिकों व गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में सुना व देखा गया कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया है। अंडरपास रेलवे पुल के उद्घाटन समारोह के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय नौढिया के छात्र-छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता में बेहतर प्रस्तुतीकरण लोगों का मन मोह लिया जिस पर कार्तिकेय लकी साहू कार्तिक द्विवेदी को क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान मिला है और उन्हें पुरस्कृत किया गया है इसी तरह चित्रकला प्रतियोगिता में ज्ञानचंद कार्तिकेय निशा कुमारी को क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान मिला जिस पर इन छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर इनका हौसला बढ़ाया गया है।

## न्यूज झरोखा

### जन शिक्षण संस्थान द्वारा पी एम विश्वकर्मा आवासीय प्रशिक्षण चौथे बैच का आज 6 डे एसेसमेंट किया गया



**कौशाम्बी** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पी एम विश्वकर्मा आवासीय प्रशिक्षण चौथा बैच दिनांक 21 फरवरी 2024 से 25 फरवरी 2024 तक का आज 26 फरवरी को 6 डे एसेसमेंट किया गया इस प्रशिक्षण में संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने पी एम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत चर्चा की और टूल किट के बारे में सभी प्रशिक्षार्थियों को बताया तथा सभी प्रशिक्षार्थियों का लिखित परीक्षा एवं प्रेक्टिकल तथा वाइबा एसेसर स्वाती मिश्रा द्वारा लिया गया इस प्रशिक्षण में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा सतीश प्रशिक्षिका रेखा देवी सुनीता देवी रूपा कुमारी करिश्मा देवी 30 प्रशिक्षार्थी मौजूद रहे।

### मरधरा असरफपुर में अंडरपास पुल का शिलान्यास



**हर्रायपुर कौशाम्बी** चायल तहसील के मरधरा मजरा असरफपुर में 26 फरवरी को अंडरपास पुल का शिलान्यास किया गया मरधरा असरफपुर जीवनगंज कसिया पूर्व मूरतगंज पट्टी परवेजाबाद नजर गंज जलालपुर बोरियों जलीलपुर लालपुर दरबेशपुर आदि दर्जनों गांव में किसानों ग्रामीणों छात्र छात्राओं महिलाओं में खुशी कि लहर दौड़ गई है नागरिकों ने कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष शिवमोहन मौर्या के प्रयास का स्वागत किया अध्यक्षता कोआपरेटिव बैंक प्रयागराज कौशाम्बी के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्या ने किया इस मौके पर संतोष सोनकर रामनरेश पासी दिनेश श्रीवास्तव उमेश गुप्ता छोटे लाल विश्वकर्मा सुभाष केसरवानी इसरार अहमद लालता प्रसाद रणविजय सिंह अश्वनी अकरम सिद्दीकी योगेश शाहू नरेश शाहू आदि सैकड़ों पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे संचालन मनोज सिंह ने किया।

### मिलेट्स श्रीअन्न जनपद स्तरीय प्रदर्शन को सीडीओ ने दिखाई हरी झण्डी



**कौशाम्बी** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत मिलेट्स (श्रीअन्न) जनपद स्तरीय प्रदर्शन (रोड-शो) को डायट मैदान से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जनपद स्तरीय प्रदर्शन (रोड-शो) डायट मैदान से मंझनपुर चौराहा होते हुए डायट मैदान तक निकाली गई। जनपद स्तरीय प्रदर्शन (रोड-शो) के माध्यम से जनपदवासियों को मोटे अनाज(श्रीअन्न) की महत्ता एवं उपयोगिता के प्रति जागरूक कर श्रीअन्न को अपने भोजन में सम्मिलित करने के लिए आवाह्न किया गया इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी एवं जिला उद्यान अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### अधिशासी अधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने के बाद पार्षद ने दी उन्हें बधाई



**भरवारी कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी के अधिशासी अधिकारी राम सिंह ने शासन के निर्देश पर नगर पालिका परिषद भरवारी में अधिशासी अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत नगर अध्यक्ष के आवास पर मोहम्मद हुसैन उर्फ मुन्नान पार्षद वार्ड नंबर 23 नगर पालिका भरवारी ने नगर पालिका परिषद के नवनियुक्त अधिशाषी अधिकारी रामसिंह से मिलकर संविधान निमार्ता बाबा साहब की तस्वीर व पुष्प भेंट कर अधिशासी अधिकारी को भरवारी का चार्ज लेने की बधाइयाँ एवं शुभकामनायें दीं उन्होंने आशा ही नही पूर्ण विश्वास ब्यक्त किया है कि नए अधिशासी अधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में सम्पूर्ण नगर पालिका का विकास होगा और सभी का सम्मान होगा। इस दौरान नगर क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग और अन्य सभासद मौजूद रहे

### ओ-लेवल प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकें प्रशिक्षणार्थियों को मुख्य विकास अधिकारी ने दिया प्रमाण-पत्र



**कौशाम्बी** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के द्वारा संचालित वित्तीय वर्ष-2022-23 में कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत ओ-लेवल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों-उपेन्द्र कुमार, आरती देवी, आराधना देवी एवं काजल यादव को प्रमाण-पत्र वितरित किया। इस अवसर पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्वनी कुमार उपस्थित रहे।

# मिलेट रेसीपी प्रतियोगिता का सीडीओ ने किया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने डायट मैदान में उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत आयोजित मिलेट्स (श्रीअन्न) रेसीपी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया। मुख्य विकास अधिकारी ने रेसीपी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले-फ्लेवर स्वीट्स हाउस के प्रतिनिधि श्री अहमद को मोमेण्टों एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले केसरवानी स्वीट्स हाउस धर्मेन्द्र कुमार केसरवानी तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले आईफा एफ0पी0ओ0 के प्रतिनिधि को मोमेण्टों एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही



मिलेट्स से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली उच्च प्राथमिक विद्यालय, समदा की छात्रा अंजली निर्मल, सुमित्रा देवी एवं विमल कुमार को मोमेण्टों एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया तथा उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा, पशु पालन, महिला कल्याण एवं बाल विकास व पुष्टाहार विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों के प्रतिनिधियों को मोमेण्टों एवं प्रशस्ति-पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ0 मीनाक्षी ने मोटे अनाज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने भोजन में मोटे अनाज को शामिल करना चाहिए। मोटे अनाज यथा-मक्का, रागी, ज्वार, बाजरा, जौ, कांदो, सावां आदि हैं। इन अनाजों में पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते है। मोटे अनाज बढ़ती उम्र वाले बच्चों, ज्यादा शारीरिक मेहनत करने वाले श्रमिकों तथा वृद्धजनों को अपने भोजन में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज को पैदा करने के लिए कम मेहनत और कम पानी की जरूरत होती है। ज्वार मुख्यतः बच्चों के भोजन में इस्तेमाल किया जाने वाला अनाज है। इसमें काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, लौह तत्व मुख्य रूप से पाये जाते हैं। यह अनाज पाचन में हल्का होता है। पोषक तत्वों से भरपूर इस अनाज को देहाती भोजन में रोटी के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने किसानों से मोटे अनाजों का अधिकाधिक उत्पादन करने का आवाह्न करते हुए कहा कि मोटे अनाज के उत्पादन में लागत कम आती है, जिससे आय में भी वृद्धि होगी इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी एवं जिला उद्यान अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण रहे।

## जमीनी विवाद में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**नेवादा कौशाम्बी** पिपरी थाना क्षेत्र के पिपरहाई मजरा रसूलपुर गांव मे जमीनी विवाद में शत्रुघ्न सिंह उर्फ गफूल पुत्र भंवर सिंह पर 25 फरवरी को प्राण घातक हमला किया गया जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के पिपरहाई गांव मे प्रमोद पांड़े पुत्र राम कुमार व शत्रुघ्न सिंह उर्फ गपूल सिंह पुत्र भंवर सिंह की सेवढ़ा रोड पर नहर पर जमीन थी इसी जमीन को लेकर विवाद चल रहा था और इसी विवाद के चलते 25 फरवरी को शत्रुघ्न सिंह पर प्राण घातक हमला किया गया था जिससे उन्हें गंभीर चोट आई थी गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## अयोध्या प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए बस द्वारा रवाना हुए हजारों लोग

**कौशांबी।** भगवान राम के दर्शन के लिए हजारों लोग बस के द्वारा अयोध्या के लिए रवाना हुए हैं 22 जनवरी 2024 को जब से भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई उसके बाद देश के कोने कोने से लोगो को प्रभु श्री का दर्शन करवाने के लिए फ्री पास फ्री बस की सेवाएं सरकार के द्वारा प्रदान किया जा रहा है जिससे लोगो में भगवान राम के प्रति श्रद्धा भक्ति बढ़ती जा रही है सरकार के इस पहल को देखते हुए राम भक्तो में भारी उत्साह देखते को मिल रहा है। जिन लोगो को आज तक कभी अयोध्या जाने का नसीब नहीं हुआ है उनको भी भगवान राम का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है कौशांबी के कुछ जाबाज सिपाहियो ने आज अयोध्या जी पहुंच कर भगवान राम का दर्शन बड़े हरसोल्लाश के साथ किया जिसमे पूर्व विधायक लाल बहादुर भाजपा जिला अध्यक्ष धरम राज मौर्या की अहम भूमिका रही एक दिन पहले सभी का मंडल वार पास जारी करके अयोध्या ले गए यात्रा के दौरान रास्ते में सभी को खाने पीने की व्यवस्था फ्री कर रखी थी। इस दौरान जिला अध्यक्ष धरम राज मौर्या पूर्व विधायक लाल बहादुर आद्या प्रसाद पांडे भोले शंकर मौर्या अशीस केशरवनी राम बहादुर जैसवाल विवेक शुक्ला राम मिलन चौधरी उमेश केशरवानी दुर्गेश नंदन मिश्र गोलू गुप्ता कामता प्रसाद चौरसिया मुन्ने डॉक्टर संजीव कुमार चौरसिया राजेंद्र कुमार शुक्ला सहित हजारों लोगो ने भगवान राम का दर्शन किया।

# श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन के बिना चल रही थी पटाखा फैक्ट्री श्रमिकों का रिकॉर्ड भी कहीं नहीं!

अखंड भारत संदेश

## पटाखा फैक्ट्री पर पहले ही कार्यवाही कर दी जाती तो पटाखा फैक्ट्री में शायद विस्फोट नहीं होता

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में पटाखा फैक्ट्री बिना श्रमिक रजिस्ट्रेशन के चल रही थी फैक्ट्री का श्रम विभाग के पास कोई रिकार्ड नहीं है। फैक्ट्री एक्ट के तहत भी फैक्ट्री संचालक ने कोई रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है। श्रमिकों का भी कोई रिकार्ड नहीं है। श्रम विभाग ने कंपनसेशन एक्ट के तहत कार्रवाई नही किया है वहीं श्रम विभाग के सेफ्टी विंग ने भी मुख्यालय को फैक्ट्री संचालक पर कार्रवाई के लिए कोई पत्र नही लिख कर दिया है। श्रम विभाग के अधिकारियों से बातचीत में एक बात सामने आई है कि रविवार को जिस पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लाशों के ढेर लग गए हैं यह पटाखा फैक्ट्री बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही थी श्रम विभाग की लापरवाही इस कदर है कि नॉन प्रोडक्शन ऑफ रिकार्ड के तहत भी कार्रवाई नही की गई है श्रम विभाग अधिकारी ने पटाखा फैक्ट्री के मालिक पर न्यूनतम वेतनमान एक्ट, पेमेंट ऑफ वेतनमान, राष्ट्रीय त्योहार एक्ट, ग्रेच्युटी एक्ट, बोनस एक्ट समानता का अधिकार एक्ट, वेलफेयर फंड एक्ट और चाइल्ड लेबर एक्ट के तहत कार्रवाई नही की है बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही पटाखा फैक्ट्री पर पहले ही कार्यवाही कर दी जाती तो पटाखा फैक्ट्री में शायद विस्फोट नहीं होता और भरवारी कस्बे में लाशों के ढेर नहीं लगते। फैक्ट्री इलेक्ट्रिकल रजिस्ट्रेशन के संबंध में नितिन यादव असिस्टेंट फैक्ट्री डायरेक्टर से बात की गई तो उन्होंने साफ शब्दों में कहा है किया पटाखा फैक्ट्री रजिस्टर्ड नहीं थी वही श्रम अधिकारी महंत राम से बात की गई तो उनका कहना है कि उनके यहां भी श्रम विभाग में पटाखा फैक्ट्री का पंजीकरण नहीं था मामला फसता देख वह बार-बार यह कह रहे हैं की फैक्ट्री मैं काम करने वाले मजदूरों का रजिस्ट्रेशन श्रमिक एक्ट के श्रम विभाग में नहीं होता है पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लाशों के ढेर लग जाने के बाद श्रम अधिकारी पूरी तरह से झूठ बोलकर शासन प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही पटाखा फैक्ट्री के मामले में यदि शासन प्रशासन ने उच्च स्तरीय जांच कराई तो श्रमिक विभाग और फैक्ट्री विभाग के अधिकारियों पर कार्यवाही होना तय माना जा रहा है।

भरवारी कस्बे के पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लाशों के ढेर लग जाने के बाद सरकारी व्यवस्था पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं हम लेबर कानून पर बात करने जा रहे है, जो की मजदूरों के लिए कानून है। अब आप समझेंगे कि लेबर कानून जो है, वो सिर्फ मजदूरों के लिए होगा। लेकिन मैं आपको बता दूं कि यह लेबर कानून सभी लोगो पर लागू होता है, चाहे कोई किसी फैक्ट्री में काम कर रहा है या किसी कम्पनी में काम कर रहा है। कोई कहीं सेलरी पर काम कर रहा है, कोई कहीं मजदूरी पर काम कर रहा है, किसी भी प्रकार का कोई काम कर रहा है, उन सभी पर लेबर ला लागू होता है लेकिन श्रम अधिकारी इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं है फैक्टरी अधिनियम, 1948 में उल्लिखित कुछ स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय हैं। फैक्टरियों के लिए इन प्रावधानों का अनुपालन करना और अपने श्रमिकों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरतना महत्वपूर्ण है। एक फैक्टरी कर्मचारी फैक्टरियों में विभिन्न कार्य करता है। फैक्टरी कर्मचारी विभिन्न उत्पादों के निर्माण के लिए मशीनरी का संचालन कर सकते हैं। वे उत्पादों को क्रमबद्ध, जांच और पैक कर सकते हैं या उत्पाद असेंबली पर भी काम कर सकते हैं। आप यह पद औद्योगिक वातावरण में पा सकते हैं।इसमें शामिल हैंः काम के घंटेः वयस्क काम के घंटे विनियमों के अनुसार, वयस्क श्रमिक कारखाने में सप्ताह में 48 घंटे से अधिक काम नहीं कर सकते हैं । साप्ताहिक अवकाश होना चाहिए. स्वास्थ्यः श्रमिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए, फैक्टरी अधिनियम 1948 के अनुसार सभी फैक्टरियों को साफ-सुथरा रखना और सभी आवश्यक सावधानियाँ बरतनी आवश्यक हैं.कारखाने में किसी भी व्यक्ति को इतना बोझ उठाने के लिये विवश नहीं किया जाएगा, जिससे उसे क्षति पहुँचने की संभावना हो। यदि कारखाने में कोई ऐसा कार्य हो रहा है जिससे श्रमिकों की आँखों को कोई खतरा है तो यह अनिवार्य है कि नियोक्ता इससे बचाव हेतु उचित उपकरणों (जैसे-गॉगल) की व्यवस्था करे।नियम 25 (६) (५) (बी) के तहत सेवा की शर्तें। मुख्य श्रम आयुक्त का ध्यान रखना आवश्यक है। वेतन दरें, छुट्टियाँ, काम के घंटे और अन्य। समान रोजगार में सेवा प्राप्त करने की शर्तें। हमारे समक्ष वेतन भुगतान को लेकर कोई विवाद नहीं है उत्तर. बिजली की सहायता से 10 या अधिक श्रमिकों को रोजगार देने वाली ₹विनिर्माण प्रक्रिया₹ में लगे परिसर या बिजली की सहायता के बिना 20 या अधिक श्रमिकों को नियोजित करने वाला परिसर एक ₹कारखाना₹ बनेगा लेकिन पटाखा फैक्ट्री में कोई कानून नहीं लागू हुआ और विस्फोट होने के बाद लाश के देर लग गए।

## अस्पताल संचालक ने दलित महिला से की छेड़खानी, जांच में जुटी पुलिस

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ स्थित अरमान हॉस्पिटल के संचालक पर एक दलित महिला ने छेड़खानी का आरोप लगाया है थाना पुलिस से न्याय न मिलने पर महिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है जिस पर पुलिस अधीक्षक ने प्रकरण में जांच कर कार्यवाही का निर्देश दिया है थाना चरवा की रहने वाली दलित महिला ने बताया कि उसका मायका पिपरी थाना क्षेत्र के पेरई गांव में है। दिनांक 21 फरवरी को मेरे भाई के यहां वैवाहिक समारोह था जिसके चलते मैं वहां गई हुई थी रात में लगभग 8:30 बजे मेरे भाई के लड़की की तबीयत खराब हो गई जिसके चलते मैं बच्ची को लेकर अरमान हॉस्पिटल तिल्हापुर मोड़ पुल के पास पहुंच गई। यहां पहुंचते ही मुझे बताया गया कि मेरी भतीजी की तबीयत ज्यादा खराब है जिसके चलते उसका ऑपरेशन किया जाना बहुत ही जरूरी है महिला के साथ गए देवर को बाहर ही रोक दिया गया और कहा गया कि सिर्फ एक महिला ही थिएटर में आ सकती है। जैसे ही थिएटर में नहिला पहुंची महिला का कहना है कि वैसे ही वहां पर मौजूद डॉक्टर निसार अहमद मेरी तरफ बुरी नीयत से बढ़ा और गलत जगह पर छूने लगा जब मैं इनका विरोध करने लगी तो यह ऑपरेशन करने वाली छूरी को मेरे गले पर रख दिया और गलत तरीके से मेरे शरीर को छूने लगा, जब मैने आवाज दिया तो देवर आ गया। इसके बाद उसने जब विरोध किया तब डॉक्टर ने जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए कहा कि मैं जितना कर लिया बहुत है, यहां से शांति से चले जाओ नहीं तो कत्ल कर दूंगा फिर भी तुम्हारी रिपोर्ट तक नहीं लिखी जाएगी। डॉक्टर और उनके साथ अस्पताल के सात आठ अन्य लोगों ने महिला और देवर के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी

संपादक की कलम से

## सीट बंटवारे से मजबूत होगा इंडिया गठबंधन

इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों में सीटों का बंटवारा होने लगा है। गठबंधन का प्रमुख दल कांग्रेस ने इसके लिए पहल करते हुए उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ सीटों का बंटवारा कर सीट शेयरिंग फार्मूले को आगे बढ़ा दिया है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 व समाजवादी पार्टी 63 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 20 लोकसभा सीटों पर दावा कर रही थी।

इसी तरह कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से भी सीटों पर समझौता कर लिया है। आम आदमी पार्टी दिल्ली में दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नयी दिल्ली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारेगी। जबकि कांग्रेस तीन सीटों चांदनी चैक, उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली पर चुनाव लड़ेगी। चंडीगढ़ की सीट पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। वहीं गुजरात में 24 सीटों पर कांग्रेस व दो सीटों भरूच व भावनगर में आप चुनाव लड़ेगी। हरियाणा की 10 में से 9 सीटों पर कांग्रेस व कुरुक्षेत्र में आप चुनाव लड़ेगी। गोवा की दोनों सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। पंजाब की तेरह लोकसभा सीटों पर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी दोनों के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, गुजरात व गोवा में आम आदमी पार्टी से सीटों का गठबंधन कर कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे से एक घंटा तक टेलीफोन पर बातचीत कर वहां महाविकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। आने वाले कुछ दिनों में महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दलों के खिलाफ महाविकास अघाड़ी में शामिल सभी चारों दलों में सीटों का बंटवारा हो जाएगा।

बिहार में भी कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर दी है। कांग्रेस नेतृत्व को आशा है कि आने वाले कुछ दिनों में बिहार में सभी विपक्षी दल एक साथ मिलकर आपसी सहमति से सीटों का बंटवारा कर चुनाव में उतरेंगे। हालांकि पश्चिम बंगाल में अभी तक कांग्रेस व ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के बीच चुनावी गठबंधन नहीं हो पाया है। इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों के लिए ममता बनर्जी ने पहले ही पश्चिम बंगाल में सीटों के बंटवारे को लेकर इनकार कर दिया था। ममता बनर्जी कांग्रेस को मौजूदा दो सीट देना चाहती है।

हालांकि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस व तृणमूल कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर एक बार फिर बातचीत शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं। संदेशखाली की घटना के बाद ममता बनर्जी दबाव में आई हुई है। इसी के चलते ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को पांच सीट देकर समझौता कर सकती है। पश्चिम बंगाल में जब तक वामपंथी दलों के साथ समझौता नहीं होगा तब तक बीजेपी विरोधी वोटो को बिखरने से नहीं रोका जा सकेगा।

केरल में कांग्रेस व वामपंथी दलों का अपना-अपना एलायंस बना हुआ है। वहां दोनों ही एलायंसों के अंदर तगड़ा मुकाबला होगा। केरल में कांग्रेस, वामपंथी दल आमने-सामने होकर चुनाव लड़ेंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में केरल में वामपंथी दलों को मात्र एक लोकसभा सीट मिली थी। जबकि केरल में वामपंथी दल की लगातार दूसरी बार सरकार चल रही है। तमिलनाडु में कांग्रेस ने पिछली बार द्रुमक के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था जिसमें वामपंथी दल भी शामिल थे।

2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को तमिलनाडु में आठ सीटों पर व वामपंथी दलों को चार सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कांग्रेस को 9 के बजाय 7 सीट देने की ही बात कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस वहां 16 सीट मांग रही है। द्रमुक सुप्रीमो स्टालिन ने तमिलनाडु में लंबे समय से सहयोगी रही इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को रामनाथपुरम सीट व कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके) को नमक्कल सीट देकर सीट शेयरिंग के फार्मूले को आगे बढ़ा दिया है। मगर तमिलनाडु में जब तक द्रमुक का कांग्रेस व वामपंथी दलों से सीटों का बंटवारा नहीं हो जाता तब तक वहां इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे का काम अधूरा ही माना जाएगा।

झारखंड में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोचा, राजद के साथ सीटों का समझौता करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 में से कांग्रेस व झारखंड मुक्ति मोर्चा को एक-एक सीट पर जीत मिली थी। जबकि भाजपा ने वहां 12 सीट जीती थी। मगर इस बार वहां झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल शामिल हैं। ऐसे में वहां इंडिया गठबंधन भाजपा को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में है। असम में बदरुद्दीन अजमल की आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट पार्टी के साथ जब तक कांग्रेस का गठबंधन नहीं हो जाता है तब तक वहां कांग्रेस मजबूत स्थिति में नहीं मानी जा सकती है। बदरुद्दीन अजमल का असम की राजनीति में बड़ा जनाधार है। जब-जब बदरुद्दीन अजमल व कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा है अच्छे परिणाम मिले हैं। पिछले दिनों कांग्रेस ने एकतरफा घोषणा करते हुए बदरुद्दीन अजमल की पार्टी से सभी संबंध समाप्त कर दिए थे। जिसके बाद वहां कांग्रेस अकेले ही चल रही है। इसी का फायदा उठाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस के कई विधायकों से पाला बदल करवा लिया है।

त्रिपुरा की दो सीटों पर भी कांग्रेस का माकपा से गठबंधन होने पर ही मजबूत स्थिति बन सकती है। त्रिपुरा में माकपा का व्यापक जनाधार है। वहां कांग्रेस बहुत कमजोर हो चुकी है। ऐसे में यदि कांग्रेस का माकपा के साथ सीटों की शेयरिंग हो जाती है तो दोनों ही दलों को फायदा मिल सकता है। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान जैसे प्रदेशों में कांग्रेस की सीधी भाजपा व अन्य क्षेत्रीय दलों से लड़ाई है।

## बेरोजगारी बन रही राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा

ऐसे वक्त में जब देश भर के किसान अपनी फसलों के लिये सम्मानजनक न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग पर दिल्ली कूच कर रहे हैं और वकील व सिविल सोसायटियां ईवीएम से वोट न कराने के लिये प्रदर्शन कर रही हैं, भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें इस मायने में और भी बढ़ती आ रही हैं कि अब देश में चरम पर पहुंच चुकी बेरोजगारी की आंच युवाओं और छात्रों को झुलसाने लगी है। कथित 'मोदी मैजिक' उतरता दिख रहा है क्योंकि युवा जीवन की तल्ख सच्चाइयों से परिचित हो रहे हैं। अगर युवाओं और छात्रों को इस बात का एहसास हो गया कि उन्हें भावनात्मक मुद्दों के आधार पर बरगलाया गया है तो भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुश्किलें आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़ सकती हैं जिसकी किसी भी क्षण घोषणा होने का इंतजार देश कर रहा है।

नरेन्द्र मोदी का आविर्भाव और उनके तेजी से भारतीय राजनीति में छा जाने के लिये सबसे अधिक जिम्मेदार युवा व छात्र ही थे। आज वही वर्ग उम्र के इस मुकाम पर खड़ा है जहां वह महसूस कर रहा है कि अगर अगले एक-दो वर्षों में उसे नौकरी न मिली तो उसके सामने आजीवन बेरोजगार रहने का खतरा है। 2013 में श्री मोदी को जब भारतीय जनता पार्टी और उनकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था तो उनका सबसे बड़ा समर्थक वर्ग यही युवाओं व किशोरों का था। उनके मन में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं के बारे में घृणा भरी हुई थी। गांधी और नेहरू को गालियां देने वाले ऐसे युवाओं का राजनैतिक ज्ञान इतना ही था कि 'अय्याश' नेहरू ने कश्मीर पाकिस्तान को दे दिया और अगर उनकी जगह सरदार पटेल प्रधानमंत्री बनते तो अब तक अखंड भारत बन चुका होता। वे यह भी मानते थे, अब भी कई ऐसे हैं जो ऐसा ही सोचते हैं, कि कांग्रेस गद्दारों की पार्टी है और मुस्लिम परस्त है।

उस वाट्सएप विश्वविद्यालय से आयातित ज्ञान का पाठ्यक्रम विशालकाय है, जिसकी स्थापना इन्हीं लोगों के लिये की गयी है और जिसके सारे अध्यायों को किसी भी अखबार के सीमित पन्नों में नहीं समेटा जा सकता। बहरहाल, देश के 1947 में आजाद होने नहीं वरन उसे 99 वर्षों के लिये लीज पर देने वाला यह वर्ग मौजूदा सरकार के राज में मस्जिदों के सामने नाच-गाकर मजे से समय काट रहा था। कुछ अब भी यही 'क्वालिटी टाइम' व्यतीत कर रहे हैं। यही वह वर्ग था जो मानता था कि इस महामानव के पास सारी समस्याओं का हल है और वह (मोदी) डॉ. मनमोहन सिंह जैसा हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ने की बजाय हार्ड वर्क करके चीन और पाकिस्तान को कंपकंपा देगा।

राहुल गांधी ने रोजगार का मसला उठाकर उस तालाब में कंकड़ नहीं बल्कि बड़ा सा पत्थर फेंक दिया है जिससे युवाओं-छात्राओं की उनींदी आंखों पर पानी का ऐसा जबर छिड़काव हुआ है कि उनकी आंखें खुलती सी दिख रही हैं। वैसे तो राहुल गांधी ने जब 7 सितम्बर, 2022 से 30 जनवरी, 2023 तक (कन्याकुमारी से कश्मीर) की भारत जोड़ो यात्रा की थी, तब भी बड़ी संख्या में उनसे मिलने युवा आ रहे थे। उन्होंने यह पाया कि जिस व्यक्ति की छवि को जैसा पेश किया गया था, वह वैसा बिलकुल नहीं है।

# धारा 370 का भूत सियासत से पर्दे तक

@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com

धारा 370 यानि 'आर्टिकल 370' अब एक मृत शब्द है। जम्मू-कश्मीर के बूट से जुड़ी ये धारा यानि आर्टिकल अब सियासत और रजतपट दोनों पर एक साथ उभर रहा है। रजतपट पर 'आर्टिकल 370' को देश में कामयाबी मिलती दिखाई दे रही है लेकिन खाड़ी के देशों ने 'आर्टिकल 370' के प्रदर्शन पर पाबंदी लगा दी है। जबकि बेचारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी लगातार खाड़ी के देशों से गलबहियां बढ़ाने में लगे हैं।

दरअसल ये धारा 370 कांग्रेस को जितनी प्रिय थी उतनी ही भाजपा को भी प्रिय हो गयी है। भाजपा की सरकार ने जम्मू-कश्मीर से संविधान की धारा 370 को हटाने के लिए दशकों तक तैयारी की थी तब कहीं जाकर पांच साल पहले भाजपा का ये सपना पूरा हो पाया। जम्मू-कश्मीर के लोग भी धारा 370 को धीरे-धीरे भूलने लगे थे लेकिन अचानक भाजपा ने आगामी लोकसभा के लिए 370 सीटें जीतने का लक्ष्य तय कर इस धारा 370 के भूत को एक बार फिर जिंदा कर दिया। भाजपा से लगाव रखने वाले रजतपट ने भी लगे हाथ बहती गंगा में हाथ धोने के लिए 'आर्टिकल 370' नाम से एक फिल्म बना डाली।

एक मरी हुई धारा से अमरत्व हासिल करने के भाजपा के फामूर्ले को कम से कम मै तो नहीं समझ पाया, लेकिन एक बात साफ हो गयी है कि भाजपा को गड़े मुर्दे उखाड़ने में जितना मजा आता है उतना किसी और राजनीतिक दल को नहीं आता। भाजपा पिछले दस साल से भले ही बहुमत के साथ सत्ता में है किन्तु उसके सिर से न पंडित जवाहरलाल नेहरू का भूत उतरा और न इंदिरा गाँधी का। राजीव गांधी का भूत उतरा न राहुल गांधी का। कांग्रेस का भूत तो उतरने का सवाल ही नहीं। अब भाजपा के सिर पर धारा 370 का भूत सवार हो गया है। भाजपा इस 370 के आंकड़े को लगता है अपने लिए शुभ मानती है और इसीलिए लोकसभा में अपने गठबंधन के लिए 400 किन्तु अपने लिए 370 सीटें हासिल करना चाहती है।

भाजपा की देखादेखी सिनेमा बनाने वाले यामी गौतम भी कहाँ मानने वाले थे। वे भी इस आंकड़े को विवेक अग्निहोत्री की तरह 'दि कश्मीर फाइल' की तर्ज पर 'आर्टिकल 370' बनाकर भुना लेना चाहते थे, सो उन्होंने भी आनन-फानन में फिल्म बनाकर रिलीज भी कर दी। समय भी सही चुना। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले ये फिल्म रिलीज हुई है ताकि देश को एक बार भाजपा द्वारा धारा 370 ; के साथ भाजपा सरकार द्वारा किये गए पुरुषार्थ की याद दिलाई जा सके और जेबें भरी जा सकें।

इसमें कोई बुराई भी नहीं है। सियासत का पिछलग्गू बनने से नुक्सान कम ही होता है। विवेक अग्निहोत्री इसका उदाहरण है। बन्दे ने 'दि कश्मीर फाइल' बनाकर जमकर कमाई की थी। किन्तु यामी गौतम का भाग्य विवेक अग्निहोत्री के भाग्य जैसा नहीं है।

यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 दो दिन पहने यानी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म रिलीज के तीसरे दिन रविवार को यामी और उनके प्रशंसकों के लिए परेशान करने वाली खबर सामने आई। इस फिल्म को खाड़ी देशों में रिलीज करने से इनकार कर दिया गया है। यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' से पहले ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'फाइटर' को भी खाड़ी देशों में बैन कर दिया था। मैंने तो ये फिल्म देखी नहीं है किंतु इसके बारे में पढ़ा जरूर है। ये






फिल्म कश्मीर घाटी के हालात को बयां करती नजर आ रही है। इतना ही नहीं 'आर्टिकल 370' को हटाने में किस तरह के प्रयास और जटिलताएं सामने आईं इसकी एक झलक भी देखने को मिल रही है। ऐसे में खाड़ी देशों में फिल्म 'आर्टिकल 370' को बैन करना कहीं न कहीं हिंदी सिनेमा के लिए बड़ा झटका है।

फिल्मों को बैन करने से कोई बात नहीँ बनती। मै हमेशा से फिल्मों को ही नहीँ बल्कि अभिव्यक्ति के किसी भी माध्यम को प्रतिबंधित करने के खिलाफ रहा हो। इसलिए खाड़ी देशों के इस प्रयास की निंदा करता हूँ, लेकिन मेरी ये बात समझ में नहीँ आ रही है कि खाड़ी के देश ऐसा क्यों कर रहे हैं, जबकि हमारे प्रधानमंत्री खाड़ी के देशों से लगातार अपने यानि भारत के रिश्ते सुधरने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं। आपको याद दिला दूँ कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में खाड़ी देशों की अपनी यात्रा पूरी की। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी कि ये 13वीं यात्रा थी। उनके हालिया दौरों ने इस क्षेत्र के साथ संबंधों को और मजबूत किया है।

खाड़ी देशों में लगभग 9 मिलियन यानी 90 लाख भारतीय प्रवासी रहते हैं। इनमें सबसे ज्यादा 34.3 लाख भारतीय यूएई में, उसके बाद 25.9 लाख सऊदी अरब में, 10.3 लाख कुवैत, 7.8 लाख ओमान, 7.5 लाख कतर और 3.3 लाख भारतीय बहरीन में रहते हैं। खाड़ी देशों में भारतीय प्रवासियों की विशाल तादाद का मोदी जी को राजनीतिक फायदा भी मिलता है। विदेश में रहने वाले भारतीय हर साल भारत में जितना पैसा रेमिटेंस के तौर पर भेजते हैं, उनका तकरीबन आधा तो सिर्फ जीसीसी के देशों से आता है।

बहरहाल अब देखना ये है कि लोकसभा चुनाव में 370 का ये आंकड़ा माननीय मोदी जी के लिए शुभ साबित होता है या नहीं, क्योकि मोदी जी के इस आंकड़े से खफा देश का विपक्ष हाल के दिनों में अप्रत्याशित रूप से एकजुट हुआ है। सब मिलकर मोदी जी को इस जादुई आंकड़े से दूर रखना चाहते हैं। यामी गौतम को तो आर्टिकल 370 करोड़पति बना देगा लेकिन भाजपा और मोदी जी को इसका कितना लाभ दिला पायेगा कहना सम्भव नहीँ है। हो सकता है कि भाजपा के लिए ये धारा छप्पर फाड़कर समर्थन दे दे और ये भी हो सकता है कि भाजपा का छप्पर पलट भी दे। आखिर धारा तो धारा है। लगती है तो भी असर दिखाती है और हटती है तो भी असर दिखाती है। हम और आप तो केवल दर्शक हैं।

## क्या इंडिया गठबंधन भाजपा के लिये चुनौती बनेगा?

– ललित गर्ग –

अंधेरों एवं निराशा के गर्त में जा चुके एवं लगभग बिखर चुके इंडिया गठबंधन के लिए कुछ अच्छी खबरों ने जहां उसमें नये उत्साह का संचार किया है वहीं भारतीय जनता पार्टी के लिये चिन्ता के कारण उत्पन्न किये हैं। पहले उत्तर प्रदेश और फिर दिल्ली में समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी से सीट बंटवारे पर बनी सहमति ने टूट की कगार पर पहुंचे इंडिया गठबंधन में वर्ष 2024 के आम चुनावों को लेकर संभावनाभरी तस्वीर को प्रस्तुत किया है। अब ये चुनाव दिलचस्प होने के साथ कुछ सीटों पर कांटे की टक्कर वाले होंगे। इन नये बन रहे चुनावी समीकरणों के बावजूद भाजपा के लिये अभी कोई बड़ा संकट नहीं दिख रहा है। भले ही इंडिया गठबंधन ढ़ींगे हांके कि वह भाजपा एवं उसके गठबंधन के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की स्थिति आ गयी है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का जब गठबंधन बना तभी यह आशंका की गयी कि यह कितनी दूर चल पायेगा, टिक पायेगा भी या नहीं? कुछ हालात तो ऐसे भी बने कि इसके तार-तार होने की संभावनाएं बलवती हुई। भले ही अब कुछ सीटों पर दलों के बीच सहमति बनी हो लेकिन अभी कई महीने निकल जाने के बाद भी विधिवत रूप से इंडिया गठबंधन के संयोजक का नाम घोषित नहीं हो पाना अनेक सन्देहों एवं अटकलों का कारण बना हुआ है।

सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस प्रकार दल-टूटन व गठबंधन हो रहे हैं इससे सबके मन में अकल्पनीय सम्भावनाओं की सिहरन उठती है। राष्ट्र और राष्ट्रीयता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। कुछ अनहोनी होगी, ऐसा सब महसूस कर रहे हैं। प्रजातंत्र में टकराव होता है। विचार फर्क भी होता है। मन-मुटाव भी होता है पर मयार्दापूर्वक। लेकिन अब इस आधार को ताक पर रख दिया गया है। राजनीति में दुश्मन स्थाई नहीं होते। अवसरवादिता दुश्मन को दोस्त और दोस्त को दुश्मन बना देती है। यह भी बडे. रूप में देखने को मिल रहा है। राजनीति नफा-नुकसान का खेल बन रहा है, मूल्य बिखर रहे हैं। चारों ओर सत्ता की भूख बिखरी है। पिछले कुछ समय से इंडिया गठबंधन को एक के बाद एक कई झटके लगे। पहले तो कांग्रेस ने ही पिछले साल दिसंबर के विधानसभा चुनावों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में गठबंधन से जुड़ी बातचीत को ठंडे बस्ते में डाले रखा। बातचीत शुरू भी हुई तो नेताओं में न तो पहले जैसा जोश दिखा और न वैसी राजनीतिक जिजीविषा महसूस हुई। फिर गठबंधन के प्रस्ताव पर सबसे बढ़-चढ़कर काम करने वाले नीतीश कुमार ही उसे छोड़ गए। यूपी में रालोद के जयंत चौधरी भी इंडिया गठबंधन का हाथ थामते-थामते एनडीए में शामिल हो गए।

इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस ने अनेक झटके झेले। छोटे-बड़े नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला भी तेज हुआ। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का नाम खास तौर पर चर्चित रहा। इसे चाहे इन नेताओं का व्यक्तिगत अवसरवाद कहें या भाजपा और एनडीए नेतृत्व की सक्रियता एवं राजनीतिक कौशल इतना तय है कि इन नेताओं को कांग्रेस का भविष्य खास अच्छा नहीं दिख रहा। आम आदमी पार्टी एवं समाजवादी पार्टी जैसे दल अपनी साख बचाने एवं सत्ता के करीब बने रहने के लिये सीटों के बंटवारे पर सहमत हुए है, उसमें



कांग्रेस का घूटने टेकना भी उसकी टूटती सांसों को बचाने की जद्दोजहद ही कहीं जायेगी। कांग्रेस एवं अन्य दलों के बीच सहमति के स्वर उभरने से आगामी लोकसभा चुनाव में अच्छा मुकाबला दिख सकता है। लेकिन अहम सवाल तो यही है कि क्या गठबंधन की गाड़ी आगे और हिचकोले नहीं खाएगी? क्या यह दावा पूरी दृढ़ता से किया जा सकता है?

अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस से सीटों पर सहमति बनाकर पलटूराम ही बने हैं। जी-भरकर एक-दूसरे को कोसने वाले जब हाथ मिलाए तो आश्चर्य होना स्वाभाविक है। देखा जाये तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन होना मूल्यहीनता एवं सिद्धान्तहीनता की चरम पराकाष्ठा है क्योंकि कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ लड़ कर और आंदोलन खड़ा करके ही आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ था। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब की सत्ता से कांग्रेस को बाहर किया और अपनी स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई। आम आदमी पार्टी के चमत्कारिक प्रदर्शन के चलते ही गुजरात में कांग्रेस ने अब तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी ने गोवा में भी कांग्रेस को काफी नुकसान पहुँचाया और हरियाणा में भी अपने संगठन का आधार बढ़ाया। ताजा कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी की सहमति से कांग्रेस को ही नुकसान होना है। केजरीवाल की बजाय ममता बनर्जी ने अलग छाप छोड़ी है। उसने बंगाल में कांग्रेस के लिए उनकी मौजूदा दो लोकसभा सीटों को ही छोड़ने की बात कह कर कांग्रेस के अधिक सीटों पर दावा करने के कारण स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा कर गठबंधन को धराशायी किया। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि त्रिपुरा, असम और गोवा में भी स्वतंत्र चुनाव लड़ने की बात कह रही हैं, जिससे कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में निराशा ही हाथ लगेगी।

इंडिया गठबंधन के नये बन रहे सकारात्मक परिदृश्यों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक सेहत पर कोई असर न झलकना उनकी राजनीतिक परिपक्वता की परिचायक है। 2024 के चुनावों में भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए 400 सीटों का लक्ष्य तय करने के मोदी के लक्ष्य के सामने अभी भी कोई बड़ी चुनौती दिख नहीं रही है। इन बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भाजपा एवं मोदी अपनी सीटें कहां से बढ़ा सकेंगे, इसके लिये भाजपा दोतरफा रणनीति पर काम कर रही है। पहली है, दक्षिणी राज्यों में पैठ बनाना। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि भाजपा पहले ही उत्तर-पश्चिम के कई राज्यों में चरम पर पहुंच चुकी है। दूसरी रणनीति है पुराने सहयोगियों को एनडीए में वापस लाने और नए सहयोगियों को जोड़ने की, जिसमें वह अब तक काफी हद तक सफल भी रही है। जदयू एनडीए के साथ फिर से आ गई है, रालोद भी एनडीए में लौट आई है, पंजाब में अकाली दल को वापस लाने के प्रयास जारी हैं और तेदेपा के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। कुछ और पार्टियां एनडीए में शामिल हो सकती हैं। लेकिन एनडीए के विस्तार भर से भाजपा को 2024 में 370 सीटें नहीं मिलने वालीं। अभी उसे काफी जोड़-तोड़ करने होंगे। गौरतलब है कि अमित शाह ने तमिलनाडु की कमान संभाल ली है और पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख के. अन्नामलै को काम करने की खुली छूट दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तमिलनाडु का दौरा किया है, जिसे दक्षिण में भाजपा के चुनावी अभियान की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है। केन्द्रीय मंत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी के साथ सक्रिय किया गया है। भाजपा दक्षिण के राज्यों में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। राम मंदिर का उत्साह निश्चित रूप से उत्तर भारतीय हिंदी पट्टी के राज्यों में अधिक है, लेकिन दक्षिण भी भाजपा को कुछ चुनावी लाभ दे सकता है। याद रहे कि भाजपा ने पहले ही दक्षिण भारतीय राज्यों के लिए मतदाता-पहुंच कार्यक्रम शुरू कर दिया है। तेलंगाना और केरल आदि दक्षिण के राज्यों पर भाजपा विशेष बल दे रहा है, वहां भी इस बार अच्छा प्रदर्शन होने की संभावना है। भाजपा के राजनीतिक समीकरणों एवं रणनीतियों के चलते स्वतंत्र भारत का सबसे दिलचस्प चुनाव में अपने तय लक्ष्यों के अनुरूप ऐतिहासिक जीत को हासिल कर लें तो कोई आश्चर्य नहीं है।

**प्रेषक :**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोन: 22727486, 9811051133**

## हम हैं गपोड़ी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

बैक बेंचरों में गप्प हाँकना एक सृजनात्मक कार्य है। यदि कोई गप्प हाँकने की कला में पटु है और सपने में अक्सर दूर के ढोल सुहावने दिखाई दें तो समझिये कि किसी न किसी की मेहनत लूटने वाली है। या यूँ कहिए कि ईमानदारी और मेहनत के घर घपले का जन्म होने वाला है। जमाने की आर्द्रता में गप्प हाँकुड़ों की नमी हो, तो वहाँ कथनी दिल्ली और करनी चौखट पर दिखाई देगी। बैक बेंचर केवल बैक बैंचर नहीं होते, बल्कि आफत-ए-सरदार होते हैं। जो जितना गप्प हाँकता है, वह उतना ही ऊँचा उठता जाता है।

वैसे इन गप्प हाँकुड़ों का क्षेत्र काफी घेराव लिए होता है। जमीन खरीदने-बेचने के फील्ड में ये उतर आएँ तो वे हाथ आजमाने की जगह मुँह आजमाने लगते हैं। इन गप्प हाँकुड़ों की चले तो प्लाट के बगल से मेट्रो नहीं जाएगी, बल्कि मेट्रो सवारियों को सीधे उनके घर जा-जाकर उतारेगी। गप्प हाँकुड़ों के जबड़े हमेशा लटके होते हैं। यहाँ तक कि मरते समय भी। अब भला मुँह का यंत्र चल-चलकर लटकेगा नहीं तो जुड़कर रहेगा। खूब बतकही करने से जबड़े के न दिखाई देने वाले पेंच ढीले पड़ जाते हैं। ऐसे में मुँह का खुला रहना लाजमी है। गप्प हाँकुड़ों का सपना होता है कि मौका मिले तो एक बार लालकिले से गप्प हाँक लें। लेकिन वे भूल जाते हैं कि सरकार से बढ़कर कोई दूसरा गप्प नहीं हाँक सकता। सरकारी गप्प अक्सर शासनादेश की तरह होता है, और वह भी न समझ में आने वाली सरकारी भाषा में। इन गप्पों को नकारने में भूलसुधार कम, ढोंग-दिखावा का दावा अधिक होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि गप्प करने का कोई समय, स्थान, धर्म, आचार-विचार, रंग-रूप नहीं होता है। बैक बैंचरों के पास हर समय गप्प हाँकने का समय होता है। आगे चलकर यही बहुसंख्यक बनते हैं फिर उन्हें रोटी चाहे न मिले, पर गप्प की खुराक बराबर चाहिए होती है। जब तक गप्प न हो उनका पेट नहीं भरता है। इडियट बॉक्स टीवी पर अनगिनत चैनल हैं और टीआरपी गप्प उड़ा ले जाता है।

लालकिला गप्प हाँकने का सबसे बड़ा केंद्र है। सर्दी-बरसात में यहाँ से ऐसे गप्प हाँके जाते हैं कि गर्मी में यहाँ आने की जरूरत ही नहीं पड़ती। देश का सबसे बड़ा गप्प हाँकड़ु अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर मीडिया को अपनी जेब में लिए घूमता है। दुनिया को दिल का दौरा पड़ता है तो गप्प हाँकुड़ों को लंबी-लंबी फेंकने का। बैंक बैंचर अक्सर आगे चलकर खादीधारी बनते हैं। खादीधारी दोपाया प्राणी जितना गप्प हाँकता है वो पार्टी में उतना सक्रिय माना जाता है। बिना किसी की सुने गप्प-गप्प करने वाले गप्पाड़ियों को पार्टियाँ प्रायः अपना प्रवक्ता यानी भोंपू घोषित कर देती हैं। अब उसका गप्प कुछ हद तक पार्टी का गप्प माना जाता है। गप्प अगर पकड़ा जाए तो प्रवक्ता कह सकता है कि मीडिया ने तोड़मरोड़ कर पेश किया है। गप्प की विशेषता ये है कि उससे कभी भी मुकरा जा सकता है। या फिर खिसियानी हंसी के साथ यह भी कहा जा सकता है कि ह्ययह तो मजाक थाह्ण। आदतन गप्पासुर बुलडोजर की तरह होता है और कहीं भी बकवास करने लगता है, जहां अपेक्षित नहीं हो, या जहां मना हो वहां भी। जैसे किसी के अंतिम संस्कार में पाए गए हैं तो आप देखेंगे कि वहां भी उनके मुंह की जिप खुली है और किए जा रहे हैं। दो मिनिट के मौन की आवाज आती है तो वे ह्यनानसेंसह्ण कहते हुए बड़ी मुश्किल से आधा मिनिट विश्राम करते हैं और ह्यओमशांति ह्ण के पहले ही पुनः करने लगते हैं।

समाचार चैनल-पत्र गप्प को ह्यब्रेकिंग-न्यूजह्ण बनाने का उद्योग चलाते हैं। उस पर दिनभर के गप्प को शाम तक महागप्प सिद्ध करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। बड़े गप्पाड़ियों के आसपास चमचे होते हैं, वे उन्हें बताते हैं कि उनके गप्प ने ह्यआग लगा दीह्ण है। सुनते ही चौड़े हो गए ह्यगप्प सरदारह्ण को लगता है कि उसके गप्प पेट्रोल हैं, और ह्यआग लगानाह्ण बड़ी उपलब्धि। ऐसे में वह अरुणाचल पर बकवास करते हुए चीन की आधी जमीन पर भी कब्जा कर लेता है। ताली मारते चमचे मान जाते हैं कि लोकल लेबल पर अंतरराष्ट्रीय गप्प कोई छोटी सफलता नहीं है। गप्पासुर इससे बहुत उत्साहित हो जाते हैं जिसका असर उसकी अगले गप्प में साफ झलकता है और बहुत जल्दी इस्राइल पर उसके गप्प के बादल छा जाते हैं। ऐसे में उसका हाथ अपने आप मूंछों पर चला जाता है, जिनकी नहीं होती वे साफ मैदान पर हाथ मार कर जश्न मना लेते हैं। कुछ लोग सेल्फमेड श्रेणी के होते हैं, वे एक आदमी को पकड़ कर भी गप्प हाँक लेते हैं। पीड़ित लोग ऐसे गप्पजॉम्बी को देखते ही पतली गली नाप लेते हैं, वे जानते हैं कि उनकी नजर पड़ी और दुर्घटना घटी। हालांकि सब इतना नहीं डरते हैं, कुछ लोगों की रोजी-रोटी होती है गप्प बटोरना, जैसे हमारी अम्माएँ कभी गोबर बटोर कर उससे चूल्हा जलाती थीं। पापी पेट का सवाल न होता तो वे अवश्य इनसे तड़कते-भड़कते समाचार बना लेतीं।

# भाजपा नेताओं ने पीएम के कार्यों को जी भरकर सराहा, रेलवे स्टेशन कार्यक्रम सम्पन्न



शिलान्यास का अनावरण करते भाजपा नेता।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बटन दबाकर 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास व 1500 रोड ओवरब्रिज तथा अंडरपास का 41 हजार करोड़ की लागत से शिलान्यास हुये। पूरे भारत के 40 लाख लोग 2021 स्थानों पर जुडे। इनमें 20 गवर्नर, 11 मुख्यमंत्री व आठ उप मुख्यमंत्री, 14 कैबिनेट मंत्री, 26 राज्यों के मंत्री प्रत्येक राज्य से कुल 156 राज्य मंत्री, 590 सांसद, 1196 विधायक, प्रत्येक विद्यालय से छात्र-छात्राओं ने स्टेशन मॉडलों पर डिबेट से प्रदर्शन किया।

## अमृत भारत स्टेशन योजना कार्यक्रम रहा फ्लाप

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** स्टेशन परिसर में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हुए शुभारम्भ में कोई रौनक नहीं दिखाई पडी। लोगों को आमंत्रित न करने से तमाम लोग नहीं गये। स्टेशन में कुछ यात्रियों समेत विद्यालय के दस-बीस छात्र-छात्राओं के अलावा कोई नजर नहीं आया। कुल मिलाकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वीडियो कांफ्रेंसिंग से बटन दबाकर 554 रेलवे स्टेशनों के पुर्नविकास जैसा महत्वपूर्ण कार्यक्रम फ्लाप दिखा। कार्यक्रम के नाम पर भारी-भरकम धनराशि खर्च की गई, लेकिन पत्रकारों समेत अन्य गणमान्य लोगों को बुलाने की जरूरत नहीं समझी गई।

सोमवार को चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यक्रम में बतौर अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। पूर्व सांसद रमेशचंद द्विवेदी ने शिलान्यास का अनावरण किया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। पूर्व सांसद रमेश चंद द्विवेदी, पूर्व सांसद भैरौ प्रसाद मिश्र, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, कोऑपरेटिव बैंक चेयरमेन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, रेलवे बोर्ड सदस्य हबीब खान, राज नारायण सिंह, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, नगर मीडिया प्रभारी अनिल कुमार शुक्ला, स्टेशन परिसर में आमजनता के लिए एलईडी से शिलान्यास प्रदर्शित किया। रेलवे मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता आयुष श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत-अभिनंदन किया। पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। संचालन मुख्य वाणिज्य निरीक्षक गिरीश पांडे व स्टेशन प्रबंधक आरसी यादव, मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक अभय किशोर पांडे, मुख्य वाणिज्य लिपिक सुरेश पाल, अखिलेश सिंह, संतोष कुमार, अविनाश मिश्रा, दीपांशु व शशिकांत, मनोज, आरपीएफ थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह, जीआरपी थाने का पुलिस बल व अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने हाईवे पर किया ट्रैक्टर परेड

## फिर दोहरा रही सरकार किसानों का आन्दोलन

अखंड भारत संदेश



पुलिस पहरेदारी में प्रदर्शन करते किसान।

**चित्रकूट।** भाकियू संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर दिल्ली सीमा पर किसानों पर हो रहे जुल्म के खिलाफ देश भर में किसानों ने नेशनल हाईवे पर ट्रैक्टर परेड़ कर किसानों के समर्थन में विरोध जताया। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में मऊ तहसील से टोल प्लाजा तक हाईवे पर परेड कर सरकार विरोधी नारे लगाये गये।

सोमवार को मंडल सचिव उदयनारायण सिंह, ब्लॉक मंत्री जयनारायण सिंह की अगुवाई में गोसाईपुर से प्रसिद्धपुर तक हाईवे पर ट्रैक्टर परेड कर किसानों के समर्थन में सरकार विरोधी नारे लगाये। जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार 13 महीने के आंदोलन को फिर से दोहराना चाहती है। देश मे अब तानाशाही फैल गई है। आंदोलन करना हक-अधिकारों की चर्चा करना सरकार को गंवारा नही है। केंद्रीय मंत्रियों का समूह किसानों की बाते नही, अपनी बातें मनवाने की बैठक कर दिखावा कर रहा है। देश में किसानों का आक्रोश बढ़ रहा है। किसानों की फसल व जमीन नही बच रही। विश्व में उत्पाद निर्माताओं को लागत कीमत तय करने का अधिकार है, किसानों को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून की घोषणा सरकार क्यों नहीं करती। आश्वासन देकर सरकार के वायदा खिलाफी से देश के किसान सड़कों पर आन्दोलन को बाध्य हैं। सरकार को किसानों की बातों पर ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कैबिनेट की बैठक कर किसानों को गारन्टी कानून पारित कराना चाहिए। प्रदर्शन में किसान शिवदयाल सिंह बघेल, राजकिशोर सिंह, राजकुमार सिंह, बद्री सिंह, वीरेंद्र सिंह, बड़कू, रमेश चंद्र पाठक, देवनारायण यादव, पप्पू सिंह, सन्तोष कुमार, राजेन्द्र शुक्ल, रामनरेश, शत्रुघ्न सिंह, नरेश तिवारी समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# सीजेएम सूर्यकान्त धर दुबे को दिल्ली विवि ने दी डॉक्टरेट की डिग्री

## जिला जज समेत मित्रों-परिजनों ने दी बधाई

अखंड भारत संदेश



सीजेएम डॉ सूर्यकान्त धर दुबे।

**चित्रकूट।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे को दिल्ली विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर न्यायिक अधिकारियों समेत मित्रों व शुभचिन्तकों तथा परिवारीजनों ने बधाई दी है।

सोमवार को सीजेएम सूर्यकान्त धर दुबे को विधि में स्नातकोत्तर उपाधि विश्वविद्यालय से 2010 में मिली थी। यूजीसी से आयोजित परीक्षा में विधि विषय में नेट व जेआरएफ परीक्षा पास की। दिल्ली विश्वविद्यालय में पीएचडी में नामांकन कराया। भारत में सजा और आपराधिक न्याय व्यवस्था विषय पर शोधकार्य कर थीसिस पूरी की। दिल्ली विश्वविद्यालय के सौंवे दीक्षान्त समारोह में सूर्यकान्त धर दुबे को डॉक्टरेट की डिग्री दी गई। दिल्ली विश्वविद्यालय के सौंवे दीक्षान्त समारोह में बतौर मुख्य अतिथि देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड की मौजूदगी व कुलपति प्रो योगेश सिंह की अध्यक्षता में उन्हें डॉक्टरेट की डिग्री दी गई।

उल्लेखनीय है कि श्री दुबे उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के मूल निवासी हैं। मौजूदा समय में चित्रकूट जिले में एक वर्ष से बतौर मुख्य न्यायिक मजिस्टेड्ट कार्यरत हैं। इनकी धर्मपत्नी श्रीमती निष्ठा उपाध्याय जिले में पुलिस अधिकारी के बतौर कार्यरत हैं। श्री दुबे की उपलब्धि पर जनपद न्यायाधीश विकास कुमार व अन्य न्यायिक अधिकारियों समेत मित्रों, शुभचिन्तकों व परिवारीजनों ने बधाई दी है।

# भौंरी में विकास कार्यों के नाम पर हुई लूट, चहेती फर्मों के नाम हुआ भुगतान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के भौंरी गांव में विकास कार्यों में प्रधान-सचिव की मिलीभगत से चहेते ठेकेदारों के नाम पर मनमानी ढंग से भुगतान हुए हैं। शासन के निर्देशों की अनदेखी कर मजदूरी भुगतान की धनराशि प्रधान ने अपने खाते में कर ली है।

सोमवार को मानिकपुर ब्लाक के भौंरी गांव में 15वें वित्त धनराशि से हैंडपंप मरम्मत, पंचायत भवन में खिड़की, हैंडपंप मिस्त्री भुगतान, दुर्गा प्रसाद के घर से मनमोहन के घर तक सीसी रोड निर्माण, प्राथमिक विद्यालय से सुग्रीव मास्टर के घर तक सीसी रोड निर्माण, रामलीला मैदान से रामा गौतम के घर तक सीसी रोड मरम्मत, भगवान दास गुप्ता के घर से प्राथमिक विद्यालय भौंरी तक सीसी रोड मरम्मत, रामलाल विश्वकर्मा के घर से संतोष के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा, कृषक इंटर कॉलेज मैदान में शौचालय निर्माण, भौंरी के मजरा वीरू राम पुरवा प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र में रूफटॉप हार्वेस्टिंग, प्राथमिक विद्यालय गेटा पुरवा में चहारदीवारी, गेट मरम्मत व अन्य कार्यों का भुगतान, बरकोट में भुइया बाबा के पास पुलिया निर्माण, सीसीटीवी कैमरा, कंप्यूटर क्रय, सामुदायिक शौचालय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भौंरी, सामुदायिक शौचालय केयरटेकर, कुलदीप से अमन लाल के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा, बाबूलाल से संतोष तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा, गिरधारी लाल से बरफो के खेत तक, सलोनिया के घर से तालाब तक नाली मरम्मत, पंचायत भवन में इंटरलॉकिंग एवं बेंच स्थापना, आनंद त्रिपाठी के घर से शिव शंकर के खेत तक नाली निर्माण, कृष्ण दत्त द्विवेदी के घर से टीकू पाल तक क्रॉस नाली निर्माण, चंद्रभूषण के घर से डॉ ओझा तक नाली पाटन कार्य, भौंरी पशु अस्पताल में खिड़की, दरवाजा, पुताई एवं टाइल्स कार्य, कमलेश धतुरहा के पास क्रॉस नाली निर्माण पाटन कार्य, आरआरसी सेंटर से डहली मेंन रोड तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा, धोबिन पुरवा में प्रेम के घर से पुल्ली के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा, भौंरी मजरा वंशरूप पुरवा में हीरालाल के पास पुलिया मरम्मत, यादव पुरवा में मेंन रोड से चुन्नीलाल के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा, मुन्ना लंबरदार के घर से रमाशंकर के घर तक नाली निर्माण कार्य का भुगतान हुआ है। इनमें ज्यादातर भुगतान मे मुस्कान ट्रेडर्स, मे अंजलि कांट्रेक्टर एंड सप्लायर व आरके इलेक्ट्रिकल्स के नाम पर हुए हैं। इन निर्माण कार्यों की मजदूरी भुगतान प्रधान के खाते में हुई है।

ग्राम पंचायत भौंरी में मनरेगा से कराये कार्यों में धांधली देखी जा रही है। इंटरलॉकिंग खड़ंजा, चहारदीवारी, चकबंध निर्माण, तालाबों के गहरीकरण के नाम सरकारी धन का बंदरबाट हुआ है। गौशाला में चहारदीवारी भाग एक व गौशाला में चहारदीवारी भाग दो, बारात घर से गुड्डू यादव के घर तक चकबंध निर्माण, लंगरा बाबा से बारात घर तक चकबंध निर्माण, भौंरी पीडब्ल्यूडी रोड से शंकर के घर तक चकबंध निर्माण, वंशरूप पुरवा में पराग के घर से छोटकू के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा, घनघना पुरवा में पीडब्लूडी रोड से विकास जमादार के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा, रमजूपुर में रामानंद के घर से हैंडपंप तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा, गेटा पुरवा में राकेश लोहार के खेत से अयोध्या लोहार के खेत तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा, मनी बाबा तालाब का गहरीकरण, बंधना तालाब में गहरीकरण, कुशवाहा पुरवा में नहर पटरी से बोडी बाबा के डेरा तक इंटरलॉकिंग, वंशरूप पुरवा में सुखलाल के घर से चुनकावन के घर तक इंटरलॉकिंग, ठकुरन पूरवा में राजेंद्र के प्लांट से बलवीर सिंह के घर की ओर इंटरलॉकिंग खड़ंजा कार्य में चहेते ठेकेदारों के नाम भुगतान हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि सभी कार्यों की जांच कराकर कार्यवाही की जाये।

# एक माह में हो पुलिस भर्ती परीक्षाः संतोषीलाल

## आप ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



ज्ञापन सौंपते आप कार्यकर्ता।

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध- प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी तहसील मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम सदर को राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में आप कार्यकर्ताओं ने सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां एसडीएम सदर सौरभ यादव को राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि यूपी में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। मुश्किल से भर्तियां निकल रही हैं। परीक्षाओं के पेपर लीक हो जाते हैं। नकल माफिया सक्रिय हो जाते हैं। ताजा मामला यूपी पुलिस भर्ती 17-18 फरवरी को हुई परीक्षा का पेपर लीक हो गया। कड़ी मेहनत कर परीक्षा तैयारी करने वाले लाखों परीक्षार्थियों की मेहनत पर पानी फिर गया। लखनऊ समेत प्रदेश में युवाओं के विरोध- प्रदर्शन के दबाव में सरकार परीक्षा रद्द करती हैं। सरकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार से पेपर लीक हो रहे हैं, प्रतिभाओं के साथ अन्याय हो रहा हैं। आम आदमी पार्टी ने मांग उठाई कि पुलिस भर्ती व समीक्षा अधिकारी परीक्षा में पेपर लीक मामले में हाई कोर्ट की निगरानी में जांच करायें। सभी दोषियों को गिरफ्तार करें। पुलिस भर्ती परीक्षा एक माह में करायें। सरकार तय करे कि भविष्य में कोई पेपर लीक न हो। विरोध-प्रदर्शन में अंकित सिंह, श्याम बाबू त्रिपाठी, लवलेश केसरवानी, अभिषेक सिंह पटेल, योगेन्द्र रैकवार, धनराज सिंह, जितेन्द्र गोयल, युवराज सिंह, रितुराज मिश्रा, चन्दभाल पाण्डेय, अनुरुद्ध सिंह आदि मौजूद रहे।

# सिंधी समाज का पीएम ने बढाया गौरव

अखंड भारत संदेश



बैठक करते सिंधु सभा के लोग।

**चित्रकूट।** भारतीय सिंधु सभा की मासिक बैठक बस स्टैंड स्थित ठाकुर दास प्रतिष्ठान पर राजीव लखानी की अध्यक्षता में हुई। सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा पर आभार जताया। एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। आगामी भगवान झूलेलाल के पर्व की तैयारियों पर चर्चा की।

सोमवार को भारतीय सिंधु सभा की मासिक बैठक राजीव लखानी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा पर आभार जताया। कहा कि प्रधानमंत्री ने आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित कर सिंधी समाज का गौरव बढाया है। एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। जिला कार्यकारिणी गठित की। सर्वसम्मति से ठाकुर दास को उपाध्यक्ष, संजय ज्ञानचंदानी को महासचिव, श्यामलाल आसवानी को कोषाध्यक्ष व मुनि राज को सचिव बनाया। खासतौर से बैठक में साधुराम, कुक्कू, विजय, जयकिशन, नानक राम, कन्हैया, सोनू, प्रदीप, किशोर, भावना आदि मौजूद रहे।



एसडीएम पंकज वर्मा।

## एसडीएम पंकज वर्मा ने संभाला मानिकपुर का कार्यभार

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिला मुख्यालय में रहे एसडीएम पंकज वर्मा ने मानिकपुर तहसील के एसडीएम बतौर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुसार गरीबों के कार्य प्राथमिकता से किये जायेंगे। सोमवार को एसडीएम पंकज वर्मा ने मानिकपुर तहसील का कार्यभार ग्रहण करते हुए बताया कि मानिकपुर तहसील अत्यंत पिछडी तहसील है। यहां ज्यादातर गरीब कोल-आदिवासी रहते हैं। गरीबों के लिए शासन ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनायें चलाई हैं। उन योजनाओं का लाभ गरीबों को दिलाना प्राथमिकता है। तहसील क्षेत्र में गरीबों के कार्य प्राथमिकता से शासन की मंशानुसार किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि वह कलेक्टेड्ट में तैनात थे। इसके पहले वे हाथरस, मथुरा में रहे हैं।

# मुंबई के शिशु-बालरोग विशेषज्ञ डॉ अनुराग गुप्ता जानकीकुण्ड में देंगे सेवायें

अखंड भारत संदेश



डॉ अनुराग गुप्ता।

**चित्रकूट।** परम पूज्य संत रणछोड़ दास जी महाराज के स्थापित श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट से संचालित जानकीकुण्ड चिकित्सालय में मुंबई के शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ डॉ अनुराग गुप्ता सेवायें दंगे। ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने बताया कि चिकित्सा क्षेत्र में अन्य जगहों की अपेक्षा काफी पीछे है। बच्चों के बीमार होने पर बाहर ले जाना पड़ता है। बाहर जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

सोमवार को श्री सदगुरू संघ ट्रस्ट बोर्ड ने फैसला लिया कि क्षेत्रवासियों को चिकित्सा को बेहतर सुविधायें दी जायें, ताकि यहां के लोगो को बाहर न जाना पड़े। हड्डी रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन, जनरल सर्जन, गैनकोलाजिस्ट आदि समेत अब शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ की व्यवस्था कराई गई है। शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ डा अनुराग गुप्ता अब जानकीकुंड चिकित्सालय में निरंतर सेवायें देगे। बीमार होने पर जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को बाहर नही ले जाना पड़ेगा। अब बच्चो का संपूर्ण इलाज बुखार, स्वास, दमा, झटके आदि बीमारियों का इलाज संभव है। शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ डा गुप्ता के जानकीकुंड चिकित्सालय में सेवायें देने से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।

## परिवार परामर्श केन्द्र ने दम्पति में कराई सुलह

अखंड भारत संदेश



विवाद सुलझाती पुलिस।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में दम्पति में सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

सोमवार को मानिकपुर तहसील के गौरिया गांव की श्रीमती अनुराधा पुत्री स्व लोली ने पति लवलेश पुत्र छोटेलाल व ससुरालीजन औरहा तहसील मानिकपुर थाना रैपुरा के विरुद्ध गाली-गलौज, मारपीट व दहेज मांग बाबत पत्र पुलिस अधीक्षक को सौंपा। एसपी ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा। परविार परामर्श केन्द्र प्रभारी दरोगा श्रीमती गुड्डी देवी व महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव, महिला सिपाही अनामिका सिंह ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की नसीहत दी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति ने तालमेल से रहने व पारिवारिक दायित्यों का पालन करने को कहा। पति-पत्नी ने एक-दूसरे का फूलमाला पहनाकर मिठाई खिलायी।

# तीन जुआरियों को जुआ खेलते दबोचा

अखंड भारत संदेश



पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा इंद्रजीत गौतम की टीम ने तीन जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है।

सोमवार को मऊ थाने के दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने छापेमारी कर प्रकाश रैदास पुत्र शिवमोहन होडिया पुरवा, बबली कहार पुत्र प्रहलादी व अनुराग सिंह पटेल पुत्र शिवप्रसाद को ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाते जुआ खेलते दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से चार हजार व ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी में 15 सौ रुपये बरामद किये हैं। जुआरियों पर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा इंद्रजीत गौतम, सिपाही राहुल पांडेय, मनीष यादव व प्रवीण पाण्डेय शामिल रहे।

## जेवर से भरा बैग पुलिस ने महिला के सुपुर्द किया, बैग पाकर महिला का चेहरा खिला

अखंड भारत संदेश



महिला को खोया बैग देती यातायात पुलिस।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर ऑपरेशन मुस्कान के तहत यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा यातायात राजकिशोर व दीवान यातायात आशाराम ने एक महिला के खोये बैंग को सामान समेत बरामद कर महिला के सुपुर्द किया। सामान पाकर महिला का चेहरा खिल उठा। ज्ञात है कि सोमवार को गिनिया पत्नी नरेंद्र निवासी कल्याणपुर फतेहगंज जिला बांदा शादी समारोह में शामिल होने कर्वी आयी थी। धनुष चैराहा में तैनात दरोगा यातायात राजकिशोर व दीवान आशाराम को सूचना दी कि बैंग जिसमें 1.70 लाख रुपये के जेवर व कपडे हैं। टैम्पों से आते समय भूल से छूट गया है। अब वह टैम्पो दिखाई नही दे रहा। दरोगा व दीवान ने अथक प्रयास कर महिला से टैम्पों की पहचान कराकर बैंग सामान समेत बरामद कर महिला के सुपुर्द किया। खोया बैंग पाकर महिला का चेहरा खिल उठा। उसने पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से करेगा भेंटः रामप्रकाश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पहाड़ी में एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय के आवास पर हुई बैठक में अधिवक्ता पाण्डेय ने कहा कि वकीलों के साथ कानपुर व प्रयागराज में पुलिस का प्रताड़ित करना शर्मनाक है। निंदा करते हुए कहा कि पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल सूबे के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेगा। सोमवार को एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री से भेंटकर प्रदेश में अधिवक्ताओं के हित में अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग करेंगे। आल इंडिया बार काउंसिल के चेयरमैन से भेट की जायेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने कहा कि काफी समय से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग अरसे से लंबित है।

कुछ दिन पूर्व हापुड़ घटना बाद शासन के अफसरों ने कहा था कि शासन जल्द अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करेगा। अभी तक ठोस कदम नहीं उठाये। लोकसभा चुनाव नजदीक है। कुंवर रोहित सिंह ने कानपुर व प्रयागराज की घटना की निन्दा की। अनिल त्रिपाठी एड ने कहा कि पुलिस भय पैदाकर मनमानी ढंग से काम करना चाहती है। विरोध पर ऐसी घटनाओं का खुलासा होता है। बैठक में अधिवक्ता सुरेन्द्र पयासी, अरुण टाइगर, विकास निगम, विनीत पयासी, रामआसरे विश्वकर्मा, अनूप सिंह बघेल, आशीष शुक्ला, लवकुश गौतम, पंकज पाण्डेय, अजीत कुमार, अलौकिकानन्द मिश्रा, केके मिश्रा, लक्ष्मण कुशवाहा, कमलाकांत आदि मौजूद रहे।

# गाजा में अगले माह अस्थाई युद्धविराम संभव, इजराइली प्रतिनिधिमंडल समझाते के लिए आज पहुंच रहा है कतर

**दोहा।** इजराइली प्रतिनिधिमंडल के आज कतर पहुंचने की संभावना है। इस प्रतिनिधिमंडल को कतर में हमास के साथ अस्थाई संघर्ष विराम और गाजा में रखे गए कुछ बंधकों की रिहाई के लिए नए समझौते के सिरे चढ़ने की आस है।



अमेरिकी समाचार द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, एक इजराइली अधिकारी ने यह जानकारी दी है। इससे पहले शुक्रवार को पेरिस में इजराइली प्रतिनिधिमंडल और अमेरिका, कतर और मिस्त्र के मध्यस्थों के बीच वार्ता हो चुकी है। इस अधिकारी के अनुसार इजराइल का प्रतिनिधिमंडल इस समझौते की बुनियादी रूपरेखा पर सहमत हो गया है। इसमें छह सप्ताह का संघर्ष विराम और इजराइल में रखे गए फिलिस्तीनी कैदियों के लिए लगभग 40 बंधकों की अदला-बदली शामिल होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली अधिकारी ने कहा है इजराइल कैबिनेट ने शनिवार रात व्यापक शर्तों को मंजूरी दी। इसका लक्ष्य मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान में 10 मार्च के आसपास समझौता करना है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार हमास के प्रतिनिधि पेरिस बैठक में शामिल नहीं हुए हैं। इसलिए यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उसे समझौता मंजूर होगा या नहीं। इस बीच तेल अवीव में इजराइल पुलिस ने कहा कि उन्होंने शनिवार रात प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प के बीच 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह लोग प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को हटाने और बंधकों की वापसी की मांग कर रहे थे।

## भारतवंशी प्रोफेसर अशोक वीरराघवन को टेक्सास में सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान



**टेक्सास।** टेक्सास एकेडमी ऑफ मेडिसिन, इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने भारतवंशी कंप्यूटर इंजीनियर प्रो. अशोक वीरराघवन को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए एडिथ और पीटर ओडॉनेल पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह टेक्सास में शोधकताओं के लिए सर्वोच्च शैक्षणिक पुरस्कारों में से एक है। प्रो. वीरराघवन राइस यूनिवर्सिटी के जॉर्ज आर. ब्राउन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग हैं। राइस यूनिवर्सिटी के मुखपत्र द राइस थ्रेसर ने यह जानकार दी। द राइस थ्रेसर ने कहा कि प्रो. वीरराघवन को क्रांतिकारी इमेजिंग तकनीक के लिए 2024 एडिथ और पीटर ओडॉनेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारतीय-अमेरिकी डॉ. वीरराघवन बी-टेक हैं। 2002 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर और 2008 में मैरीलैंड विश्वविद्यालय, कॉलेज पार्क में इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग से पीएचडी की है। अशोक 2010 में ईसीई विभाग में शामिल हुए। उन्हें 2017 में एसोसिएट प्रोफेसर और 2020 में प्रोफेसर के रूप में पदोन्नत किया गया। राइस विश्वविद्यालय के मुखपत्र द राइस थ्रेसर के अनुसार, वीरराघवन फ्लैटकैम के सह-डेवलपर हैं। येल विश्वविद्यालय के सहयोग से राइस ईसीई टीम को ऑप्टिकल हार्डवेयर और उसके सॉफ्टवेयर इंटरफेस को विकसित करने के लिए चार वर्षों में $4 मिलियन प्राप्त होंगे।

## रूस से युद्ध में अबतक यूक्रेन के 31 हजार सैनिक मारे गए: जेलेंस्की

**कीव।** रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के दो साल पूरे होने पर राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि रूस द्वारा आक्रमण शुरू करने के बाद गत दो वर्षों में 31,000 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। हथियारों और गोला-बारूद की कमी से यूक्रेनी सेना अब अपनी धरती गंवा रही है और सैनिक मारे जा रहे हैं। रूस के साथ युद्ध में यह यूक्रेनी सेना की ताजा तस्वीर है। इसकी जानकारी देते हुए यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने पश्चिमी देशों से अविलंब सैन्य सहायता भेजने का अनुरोध किया है।

जेलेंस्की ने कीव में यूक्रेनः वर्ष 2024 फोरम में कहा, इस युद्ध में 31,000 यूक्रेनी सैन्य कर्मी मारे गए हैं। 3,00,000 या 1,50,000 नहीं, वह नहीं जो पुतिन और उनके धोखेबाज मंडली ने झूठ बोला है। लेकिन फिर भी, इनमें से प्रत्येक का जान गंवाना हमारे लिए एक बड़ा बलिदान है। हालांकि, जेलेंस्की ने कहा कि वह घायल या लापता सैनिकों की संख्या का खुलासा नहीं करेंगे। रूस द्वारा यूक्रेन पर चौबीस फरवरी, 2022 को आक्रमण शुरू करने के बाद से यह पहली बार है कि कीव ने जान गंवाने वाले अपने सैनिकों की संख्या की पुष्टि की है।

इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस पर यूक्रेन की विजय पश्चिमी देशों की सहायता पर निर्भर है। लंबी दूरी की मिसाइलों की यूक्रेन की मांग पूरी होने को लेकर वह आशान्वित हैं। उमेरोव ने कहा, पश्चिमी देशों से सैन्य सहायता की आमद में विलंब होने का खामियाजा यूक्रेन युद्ध के मैदान में उठा रहा है। इससे हाल के दिनों में यूक्रेनी सेना का नुकसान बढ़ा है। युद्ध के मैदान की स्थिति तेजी से बदल रही है। उल्लेखनीय है कि महीनों की लड़ाई के बाद हाल ही में यूक्रेन का रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अव्दीविका शहर रूसी सेना के कब्जे में चला गया है। उमेरोव का यह बयान तब आया है जब यूक्रेन युद्ध के दो वर्ष पूरे होने पर अमेरिका और यूरोपीय देशों ने उसके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया है। उमेरोव के साथ प्रेस कान्फ्रेंस में मौजूद यूक्रेन के उद्योग मंत्री ओलेक्जेंडर कमिशिन ने बताया कि देश के रक्षा कारखानों ने बीते वर्ष में तीन गुना ज्यादा उत्पादन किया है लेकिन वह युद्ध मैदान की गोला-बारूद की मांग को देखते हुए नाकाफी है। यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शमीहाल ने बताया है कि वर्ष 2024 के खर्चों के लिए यूक्रेन ने अमेरिका से 11.8 अरब डालर धनराशि की अपेक्षा की है।

## ऋषि सुनक ने की राजनीति में बढ़ती जहरीली संस्कृति के प्रति चेताया

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने राजनीति में बढ़ती जहरीली संस्कृति के प्रति चेताया। सुनक का बयान ऐसे समय आया है जब ब्रिटिश सांसदों को इजराइल-गाजा संघर्ष के संबंध में हाउस ऑफ कॉमन्स में उनके मतदान के इरादों को लेकर सुरक्षा खतरों का सामना कर रह हैं।

ब्रिटिश पीएम सुनक ने आतंकवाद का महिमामंडन करने के लिए चरमपंथियों द्वारा देश की सड़कों पर विरोध प्रदर्शनों को हाइजैक करने की निंदा करते हुए शनिवार को एक बयान जारी किया। यह बयान तब जारी किया गया है जब द संडे टाइम्स अखबार में एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि तीन अज्ञात महिला सांसदों की सुरक्षा को लेकर चिंताओं के बाद उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराने की अनुमति दी गयी है।




सुनक ने अपने बयान में कहा, सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमलों के बाद पूर्वाग्रह और यहूदी विरोधी भावना का प्रचंड प्रादुर्भाव अस्वीकार्य है। सीधे शब्दों में कहें तो यहूदी विरोधी भावना ही नस्लवाद है।

सुनक ने हाल में वेस्टमिंस्टर महल पर एक आक्रामक प्रोजेक्शन (चित्रण) के संदर्भ में कहा, आतंकवाद को बढ़ावा देने और उसका महिमामंडन करने के लिए चरमंपथियों द्वारा वैध विरोध प्रदर्शनों को हाइजैक किया गया, निर्वाचित प्रतिनिधियों को मौखिक रूप से धमकाया गया तथा शारीरिक, हिंसक रूप से निशाना बनाया गया और हमारी अपनी संसद इमारत पर यहूदी विरोधी चित्रण किया गया। उन्होंने पिछले सप्ताह गाजा में संघर्षविराम पर संसद में मतदान के दौरान अराजक दृश्यों के संदर्भ में कहा, और इस सप्ताह संसद में बहुत खतरनाक संकेत दिया गया कि इस तरह की धमकी काम करती है। यह हमारे समाज और हमारी राजनीति के लिए जहरीली है और यह उन स्वतंत्रताओं व मूल्यों का अपमान है जिन्हें हम यहां ब्रिटेन में प्रिय मानते हैं। उन्होंने विशेष रूप से कोई उल्लेख नहीं किया लेकिन उनकी यह टिप्पणी सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव द्वारा पार्टी के सांसद ली एंडरसन को निलंबित करने के तुरंत बाद आयी है। एंडरसन ने एक साक्षात्कार में दावा किया कि पाकिस्तानी मूल के लंदन के मेयर सादिक खान इस्लामिक लोगों के नियंत्रण में थे। विपक्ष ने इन टिप्पणियों को लेकर कार्रवाई करने की मांग की थी। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने इन टिप्पणियों को नस्लवादी तथा इस्लाम से घृणा की भावना बताया।

## श्रीलंका ने रूसी और यूक्रेनी पर्यटकों को दो सप्ताह में देश छोड़ने का फरमान जारी किया

**कोलंबो।** श्रीलंका ने रूस और यूक्रेन के हजारों पर्यटकों को दो सप्ताह में देश से बाहर जाने के संबंध में एक फरमान जारी किया है। ज्ञात रहे कि रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद लगभग 300,000 रूसी और 20,000 यूक्रेनी श्रीलंका पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच युद्ध शुरू होने के कारण रूसी और यूक्रेनी पर्यटकों को विस्तारित वीजा के तहत रहने की अनुमति दी गई थी।

वर्तमान में विस्तारित वीजा पर द्वीप देश में रहने वाले पर्यटकों की संख्या उपलब्ध नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि आव्रजन नियंत्रक ने पर्यटन मंत्रालय को एक नोटिस जारी कर कहा है कि रूसी और यूक्रेनी पर्यटकों को 23 फरवरी से दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ना होगा। उनके वीजा की अवधि समाप्त हो गई है। उधर, राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के कार्यालय ने एक नोटिस जारी कर इसकी जांच का आदेश दिया है। आदेश में इस बात की जांच करने को कहा गया है कि पिछले विस्तार को निरस्त करने संबंधी मंत्रिमंडल के फैसले के बिना उन्हें देश छोड़ने को कहने का निर्णय कैसे लिया गया।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी मरियम नवाज



**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में मरियम नवाज सोमवार को शपथ लेने जा रही हैं। ज्ञात रहे कि मरियम नवाज पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी हैं। पंजाब प्रांत में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) और उसके सहयोगियों के पास सदन में साधारण बहुमत है, इसलिए उनके शीर्ष स्थान पर कब्जा करने में कोई समस्या नहीं मानी जा रही है ।इस बीच, पीएमएलएन ने पंजाब विधानसभा में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों पदों पर कब्जा कर लिया है। मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव पीएमएलएन की 50 वर्षीय मरियम नवाज और इमरान खान की पीटीआइ समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआइसी) के उम्मीदवार राणा आफताब अहमद के बीच होगा। पंजाब विधानसभा के मैराथन सत्र में शनिवार को सांसदों ने गुप्त मतदान के माध्यम से पीएमएल-एन नेता मलिक अहमद खान को सदन का संरक्षक और जहीर इकबाल चन्नार को उपाध्यक्ष चुना। वहीं, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के वरिष्ठ नेता सैयद ओवैस शाह को रविवार को सिंध प्रांत विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया, जबकि पार्टी के ईसाई चेहरे एंथनी नवीद को उपाध्यक्ष चुना गया। वह देश के इतिहास में पहले गैर-मुस्लिम उपाध्यक्ष बन गए हैं ।इस बीच, यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी ने पाकिस्तान पुलिस द्वारा मुजफ्फराबाद डिवीजन में पार्टी के उपाध्यक्ष राशिद अहमद की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर रोक आठवें दिन भी जारी रहा। इमरान खान की पार्टी पीटीआइ में नेतृत्व संकट के बीच बैरिस्टर अली जफर ने रविवार को पार्टी अध्यक्ष पद के लिए अपना नाम वापस ले लिया। पीटीआइ अध्यक्ष के लिए बैरिस्टर गौहर अली खान ने पार्टी के आंतरिक चुनाव से पहले बैरिस्टर अली जफर के नाम की घोषणा की थी। बैरिस्टर अली जफर ने कहा कि इमरान को जेल से बाहर लाने में जुटे होने के कारण पार्टी अध्यक्ष बनने पर हितों का टकराव होने की आशंका को देखते हुए वह मैदान से हट रहे हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर भारी बमबारी, अमेरिका सहित 7 देशों की सेना की संयुक्त कार्रवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ब्रिटेन सहित सात देशों की सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बड़ा हमला किया। यमन की राजधानी सना के हूती ठिकानों को निशाना बना कर ये हमले किए गए। हूती विद्रोहियों के खिलाफ इस बड़ी कार्रवाई में हिस्सा लेने वाले देशों ने शनिवार को संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि यमन में यह सैन्य कार्रवाई 8 स्थानों पर की गई जिसमें हूती के 18 ठिकानों को निशाना बनाया गया। हमले को अमेरिका और ब्रिटेन के साथ ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड की सैन्य भागीदारी में अंजाम दिया गया। अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के मुताबिक हमले का उद्देश्य ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की ताकत को खात्मा करना है। हूती विद्रोही अगर अपने हमले नहीं रोके तो इसके गंभीर परिणाम उसे भुगतने होंगे। हूती मध्य पूर्वी अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यमन सहित अन्य देशों को दी जाने वाली मानवीय सहायता के वितरण में भी ये बाधा पैदा कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मौजूदा सप्ताह की शुरूआत में हूती विद्रोहियों ने ब्रिटेन के स्वामित्व वाले मालवाहक जहाज पर हमले किए और अमेरिकी विध्वंसक पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली थी। उन्होंने बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से इजरायल के बंदरगाह और रिसॉर्ट शहर को निशाना बनाया था।

## रूस : नवलनी की मौत के एक सप्ताह बाद परिवार को सौंपा गया शव

**मॉस्को।** रूस के विपक्षी नेता और राष्ट्रपति पुतिन के मुखर आलोचक एलेक्सी नवलनी का शव उनकी मां को सौंप दिया गया है। नवलनी का शव उनके परिजनों को नहीं सौंपे जाने के कारण पुतिन प्रशासन की आलोचना हो रही थी। 16 फरवरी को आर्कटिक सर्कल जेल में नवलनी की मौत हो गई थी।



नवलनी की मौत के करीब एक सप्ताह बाद उनका शव मां ल्युदमिला नवलन्या को सौंप दिया गया है। नवलनी की प्रवक्ता किरा यार्मिश ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी। प्रवक्ता ने उन सभी का आभार व्यक्त किया है जो नवलनी का शव उनके परिजनों को सौंपे जाने की मांग में शामिल थे। उन्होंने लिखा है कि अभी नवलनी का अंतिम संस्कार होना बाकी है।

नवलनी के मृत्यु प्रमाणपत्र में मौत की वजह प्राकृतिक बताई गई है। हालांकि जेल में जिस तरह नवलनी की मौत हुई, उसे लेकर काफी सवाल उठते रहे हैं। इसे लेकर नवलनी की पत्नी यूलिया नवेलनाया ने भी गंभीर आरोप लगाए थे।

## आर्थिक समृद्धि के लिए विकास का अयोध्या मॉडल अनुकरणीय : नेपाल के विदेश मंत्री

**नेपाल।** नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद ने कहा कि धर्म को आधार बनाकर भी किसी शहर और क्षेत्र का चौतरफा विकास कैसे हो सकता है, इसका अनुपम उदाहरण अयोध्या में देखने को मिला। विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल जैसे मठ मन्दिर वाले देश को अयोध्या के विकास से पाठ सीखने की आवश्यकता है।



भारत की पांच दिवसीय यात्रा समाप्त कर आज ही काठमांडू लौटे विदेश मंत्री एनपी साउद ने कहा कि अयोध्या में राम मन्दिर निर्माण के साथ ही जिस तरह से उस पूरे क्षेत्र का विकास हो रहा है, उससे यह साबित हो गया कि एक मन्दिर सिर्फ हमारी धार्मिक आस्था और विश्वास का केन्द्र नहीं है बल्कि उससे हम आर्थिक समृद्धि और सामाजिक प्रतिष्ठा भी पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग भौतिकता के चकाचौंध में यह सवाल खड़े करते हैं कि मन्दिर बनाने से क्या होता है ? तो उन सबके लिए अयोध्या एक जवाब है।

विदेश मंत्री ने कहा कि एक मन्दिर बनने से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। एक मन्दिर के निर्माण के कारण पूरे शहर के लोगों का जीवन स्तर सुधर रहा है।

अपनी अयोध्या यात्रा का संस्मरण पत्रकारों को बताते हुए विदेश मंत्री साउद ने कहा कि जिस तरह से अयोध्या में भव्य मन्दिर का निर्माण कर पूरे विश्व के हिन्दुओं के लिए आस्था का केन्द्र बन गया है और जिस मात्रा में वहां श्रद्धालु वहां पहुंच रहे हैं, उससे अयोध्या के लोगों का रोजगार बढ़ा है, उनका व्यापार बढ़ा है, आर्थिक कारोबार बढ़ा है। पिछले एक महीने में 50 लाख के आसपास श्रद्धालुओं के आने का फायदा कई सेक्टर को हो रहा है।

विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल को अयोध्या मॉडल से सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नेपाल मठों और मन्दिरों का देश है। भगवान पशुपतिनाथ से लेकर मुक्तिनाथ तक और माता जानकी से लेकर गौतम बुद्ध तक हमारे धरोहर हैं। इसके अलावा हर जिले में एक बड़ा धार्मिक तीर्थ स्थल है। यदि हमने इन सभी धार्मिक स्थलों की कनेक्टिविटी बना दी और न्यूनतम सुविधाएं भी उपलब्ध करा दी तो पूरे देश का आर्थिक उन्नति हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या में मंदिर निर्माण के साथ ही अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल और रेलवे स्टेशन के साथ ही अयोध्या को जोड़ने वाले कई राजमार्ग का भी निर्माण होने से लाखों भक्तजन पहुंच पा रहे हैं। विदेश मंत्री का कहना था कि नेपाल में 10 लाख पर्यटकों को लाने का लक्ष्य रखते हैं जबकि अयोध्या में पहले दो दिन में ही 10 लाख श्रद्धालु पहुंच गए थे।

रायसीना डायलाग 2024 में सहभागी होने के लिए भारत भ्रमण पर रहे विदेश मंत्री ने शनिवार को अयोध्या के अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए तथा मंदिर में होने वाले संध्या आरती में सहभागी भी हुए। विदेश मंत्री साउद नेपाल सरकार के तरफ से पहले मंत्री हैं जिन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का दर्शन किया।